वर्ष 17
अंक 51
10 पृष्ठ
मूल्य 5 रुपये

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
कोलकाता, चंडीगढ़, **नई दिल्ली**, भोपाल, मुंबई और लखनऊ से प्रकाशित।

भारत का पहला संपूर्ण हिंदी आर्थिक अखबार www.bshindi.com

# बिज़नेस स्टैंडर्ड





बैजू रवींद्रन ▸▸ पृष्ठ 2
**सीईओ के इस्तीफे के बाद रवींद्रन के हाथ कमान**

नरेंद्र मोदी ▸▸ पृष्ठ 10
**चुनावी बॉन्ड पर भ्रम फैला रहा विपक्ष**

डॉलर रु. 83.50 ▲ 10 पैसे | यूरो रु. 88.90 (अपरिवर्तित) | सोना (10 ग्राम) रु. 72521 ▼ 360 रु. | सेंसेक्स 73399.80 ▼ 845.10 | निफ्टी 22272.50 ▼ 246.90 | निफ्टी फ्यूचर्स 22357.30 ▲ 84.80 | ब्रेंट क्रूड 90.70 ▼ 0.30 डॉलर

## एक नज़र

### थोक महंगाई तीन महीने के उच्च स्तर पर

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 फीसदी हो गई, जो फरवरी में 0.20 फीसदी थी। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 फीसदी थी। दिसंबर 2022 में यह 5.02 फीसदी के स्तर पर थी। आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के बढ़ने से इस साल मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में मुद्रास्फीति 10.26 फीसदी बढ़ गई। हालांकि मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 फीसदी पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति भी मार्च में बढ़कर 5.66 फीसदी रही थी। पृष्ठ 4

### टेस्ला करेगी 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी

इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों को लेकर बढ़ती प्रतिस्पर्धा और कंपनी के वाहनों की बिक्री घटने के मद्देनजर टेस्ला ने दुनिया भर में अपने 10 फीसदी से ज्यादा कर्मचारियों को छंटनी करने की योजना बनाई है। बाजार मूल्य के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता टेस्ला के दिसंबर 2023 में कुल कर्मचारियों की संख्या करीब 1,40,563 थी। रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कैलिफोर्निया और टेक्सस में टेस्ला के कुछ कर्मचारियों को छंटनी के बारे में सूचित किया जा चुका है। टेस्ला के मुख्य कार्याधिकारी ईलॉन मस्क ने कहा कि कंपनी अगले चरण के विकास की तैयारी कर रही है। ऐसे में लागत घटाने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए हर पहलुओं पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। इसी प्रयास के तहत कंपनी ने दुनिया भर में 10 फीसदी से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी करने का कठिन निर्णय लिया है।

### पूरी क्षमता से चले बिजली संयंत्र

बिजली मंत्रालय ने देश में बढ़ती मांग के बीच बिजली की कमी से बचने के लिए आयातित कोयले का उपयोग करने वाले सभी ताप विद्युत संयंत्रों को 15 अक्टूबर यानी अगले साढ़े तीन महीने तक पूरी क्षमता पर काम करने को कहा है। मंत्रालय ने इस साल गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में 260 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है। सितंबर 2023 में अधिकतम बिजली की मांग 243 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। बिजली मंत्रालय के 12 अप्रैल के एक नोटिस में 15 आयातित कोयला-आधारित ताप बिजली परियोजनाओं को कहा गया है कि अब ऐसे संयंत्रों वाली उत्पादन कंपनियों के लिए, धारा-11 निर्देश की समय अवधि को 15 अक्टूबर, 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

### स्मार्टफोन की बिक्री 3 से 4 फीसदी घटी

काउंटर प्वाइंट रिसर्च के अनुमानों के अनुसार स्मार्टफोन उद्योग के लिए कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही निराशाजनक रही है। पिछले साल की समान अवधि की तुलना में स्मार्ट फोन की बिक्री में 3 से 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। मगर कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में नए मॉडलों की पेशकश के साथ कुल शिपमेंट में एक साल पहले की तुलना में 10 से 12 फीसदी का इजाफा हुआ है। कैलेंडर वर्ष 2023 में शिपमेंट स्थिर रहा था और साल का अंत 15.2 करोड़ मोबाइल फोन के साथ हुआ था। पृष्ठ 2

**इजरायल पर ईरान के हमले के बाद निवेशकों ने घबराहट में की बिकवाली**

# एशिया में रार से लुढ़का बाजार

सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 15 अप्रैल

पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच इजरायल पर ईरान की जवाबी कार्रवाई से घबराए निवेशकों ने जोखिम वाली संपत्तियां बेचनी शुरू कर दीं, जिससे आज देसी शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखी गई। मगर कूटनीतिक प्रयासों की मदद से बड़ी जंग की चिंता टलने से निवेशकों को थोड़ा सुकून मिला और गिरावट की रफ्तार कुछ थम गई।

सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन आज 1 फीसदी से ज्यादा लुढ़कने के बाद कुल 845 अंक गिरकर 73,400 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 27 मार्च के बाद यह सबसे बड़ी गिरावट थी। निफ्टी भी 247 अंक नीचे 22,273 पर बंद हुआ।

दमिश्क में ईरान के दूतावास पर हुए हमले में इजरायल के शामिल होने की बात उठने पर ईरान ने शनिवार को इजरायल पर कई मिसाइलें दागते हुए अचानक हमला कर दिया। यह बात अलग है कि ज्यादातर मिसाइलों को इजरायली सेना ने हवा में ही नष्ट कर दिया।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर भागने लगे। इससे 10 वर्षीय अमेरिकी बॉन्ड की यील्ड बढ़कर 4.6 फीसदी पर पहुंच गई। सोना भी 0.6 फीसदी बढ़कर 2,358 डॉलर प्रति औंस तक चला गया। मध्य एशिया के तनाव का असर एशियाई मुद्राओं पर भी दिखा। डॉलर के मुकाबले रुपया नरम होकर 83.5 पर आ गया।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने आज 3,268 करोड़ रुपये के शेयर बेचे और देसी संस्थागत निवेशकों ने करीब 4,800 करोड़ रुपये की लिवाली की।

इस बीच ईरान ने संयुक्त राष्ट्र में कहा है कि इस मामले को अब खत्म माना जा सकता है। यह सुनकर कई लोगों को उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच तनाव और नहीं बढ़ेगा। अमेरिका तथा अन्य देशों ने भी संयम बरतने की अपील की है। इस बीच ब्रेंट क्रूड 0.4 फीसदी बढ़कर 90.6 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

ऐक्सिस सिक्योरिटीज पीएमएस में मुख्य निवेश अधिकारी नवीन कुलकर्णी ने कहा, 'पश्चिमी देशों में भू-राजनीतिक तनाव और मुद्रास्फीति की चिंता के कारण दुनिया भर में शेयर बाजारों पर दबाव बढ़ गया है। हालांकि भारत उनकी तुलना में बेहतर स्थिति में है, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतें बड़ी बाधा हैं। ताजा खबरों के अनुसार भू-राजनीतिक तनाव फैल नहीं रहा है। इससे बाजार में बहुत ज्यादा गिरावट आने की आशंका नहीं है। निवेशकों को वैश्विक बाजार की स्थिति के अनुसार गिरावट का फायदा उठाकर निवेश करना चाहिए और अच्छे शेयर खरीद लेने चाहिए।'

विश्लेषकों ने कहा कि जब दुनिया भर के केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को काबू में करने का प्रयास कर रहे हैं तब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से ईंधन की कीमतों में तेजी आती है तो बाजार में जो खिम बढ़ सकता है। अमेरिकी बैंक बोफा के रिसर्च नोट के अनुसार दर में कटौती जून के बजाय दिसंबर में शुरू होने की संभावना है। अमेरिकी बैंक ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि फेडरल रिजर्व दिसंबर से दरें घटाने लगेगा। मुझे नहीं लगता कि नीति निर्माताओं में इतना विश्वास आया है कि वे जून में दर में कटौती करें।'

कंपनियों के तिमाही नतीजों और चीन तथा यूरोजोन के वृहद आर्थिक आंकड़ों से आगे बाजार को दिशा मिल सकती है।

**निवेशकों का सुरक्षित निवेश पर दांव**

- सेंसेक्स 845 अंक टूटकर 73,400 पर बंद हुआ
- निफ्टी 247 अंक नीचे 22,273 पर बंद हुआ
- अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल में भी इजाफा
- सुरक्षित निवेश मांग से सोने की कीमतों में तेजी

**रुपया भी नरम**

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से एशिया की मुद्राओं पर दबाव बढ़ा है। सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.45 के निचले स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले रुपया 4 अप्रैल को इस स्तर पर पहुंचा था। पृष्ठ 4



# वित्त वर्ष 2024 में 3 फीसदी घटा निर्यात

श्रेया नंदी
नई दिल्ली, 15 अप्रैल



**कमजोर मांग से निर्यात पर असर**

- मार्च में वस्तु निर्यात 0.67 फीसदी घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा
- मार्च में व्यापार घाटा 11 महीने के निचले स्तर पर रहा
- मार्च में आयात भी 6 फीसदी घटकर 57.28 अरब डॉलर रहा
- दुनिया भर में जिंसों के दाम गिरने और भू-राजनीतिक चुनौतियों से निर्यात पर असर

लगातार तीन महीने बढ़ने के बाद मार्च में देश से वस्तुओं का निर्यात 0.67 फीसदी घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा। जिंसों की कीमतों में गिरावट और भू-राजनीतिक चुनौतियां बनी रहने का असर निर्यात पर पड़ा है।

वाणिज्य विभाग द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024 में मार्च सातवां महीना रहा, जब निर्यात में कमी आई। पिछले वित्त वर्ष में कुल निर्यात 3.11 फीसदी घटकर 437.06 अरब डॉलर रहा। 2023-24 में गिरावट आने से पहले लगातार दो वित्त वर्ष में निर्यात में अच्छी बढ़ोतरी हुई थी।

मगर वाणिज्य सचिव सुनील बड़थ्वाल ने भरोसा जताया कि निर्यात सकारात्मक वृद्धि की ओर बढ़ रहा है और कैलेंडर वर्ष 2024 में खास तौर पर ऐसा दिख रहा है। उन्होंने कहा, 'व्यापार के लिहाज से वित्त वर्ष 2024 वाकई काफी मुश्किल भरा था। रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ ही अन्य इलाकों में भी संघर्ष के मामले बढ़ रहे थे। लाल सागर, पनामा नहर क्षेत्र में भी संकट बना था। मंदी के संकेत भी दिख रहे थे मगर हमने सभी अड़चनें लांघ लीं।' बड़थ्वाल ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं, दवाओं और फार्मास्युटिकल क्षेत्र ने इन अड़चनों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया। मार्च में निर्यात घटा भले ही हो मगर मगर वित्त वर्ष 2024 में सबसे ज्यादा मूल्य का निर्यात इसी महीने हुआ।

आंकड़ों के अनुसार निर्यात की तुलना में आयात ज्यादा घटने से मार्च में व्यापार घाटा कम होकर 15.6 अरब डॉलर रह गया, जो 11 महीने का सबसे कम आंकड़ा है। पिछले वित्त वर्ष में कुल व्यापार घाटा 240 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2023 में 265 अरब डॉलर था। बड़थ्वाल के अनुसार गैर-जरूरी आयात पर सरकार का अंकुश व्यापार घाटे में कमी का सबसे बड़ा कारण रहा।

मार्च में 57.28 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया गया, जो मार्च 2023 की तुलना में करीब 6 फीसदी कम है। कोयला, पेट्रोलियम उत्पाद, सोना, उर्वरक आदि का आयात घटने से आयात में कमी आई है। वित्त वर्ष 2024 में आयात 5.41 फीसदी बढ़कर 677 अरब डॉलर रहा।

बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में आयात में गिरावट की बड़ी वजह तेल का कम आयात था। कच्चे तेल की कीमतें कम रहने से बीते वित्त वर्ष तेल के आयात पर 14.1 फीसदी कम खर्च हुआ। उन्होंने कहा, 'लेकिन वित्त वर्ष 2024 में सोने का आयात 30.1 फीसदी बढ़ा, जबकि वित्त वर्ष 2023 में इसमें 24.2 फीसदी की गिरावट आई थी। निवेश मांग बढ़ने से सोने के आयात में भी इजाफा हुआ है।'

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री और शोध एवं आउटरीच प्रमुख अदिति नायर ने कहा कि वित्त वर्ष 2023 को देखें तो निर्यात की तुलना में वस्तुओं का आयात अधिक घटा, जिस कारण व्यापार घाटा 11 महीने में सबसे कम रहा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में यह चालू खाते के घाटे के लिए अच्छा संकेत हो सकता है और इस तिमाही में 1 से 2 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष रह सकता है। मार्च में सेवाओं का निर्यात भी 6.25 फीसदी घटकर 28.54 अरब डॉलर रहा, जबकि इनका आयात 6.57 फीसदी कम होकर 15.84 अरब डॉलर रहा। इस कारण सेवाओं में 12.69 अरब डॉलर का अधिशेष रहा। (शेष पृष्ठ 4 पर)

# 5जी नेटवर्क में 5,720 करोड़ रु. लगाएगी वोडा आइडिया

**एफपीओ के बाद कंपनी में सरकार का हिस्सा घटकर 24 फीसदी रह जाएगा**

देव चटर्जी
मुंबई, 15 अप्रैल

**वोडाफोन** आइडिया अपना 5जी नेटवर्क चालू करने के लिए अगले 24 महीनों में 5,720 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बना रही है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अक्षय मूंदड़ा ने आज इसका खुलासा किया। वह 18,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए कंपनी का एफपीओ आने से एक दिन पहले संवाददाताओं से बात कर रहे थे। यह देश का सबसे बड़ा एफपीओ है।

मूंदड़ा ने बताया कि जो रकम जुटेगी, उसमें से 12,750 करोड़ रुपये नेटवर्क का बुनियादी ढांचा बढ़ाने के लिए उपकरण खरीदने पर खर्च किए जाएंगे। इसमें 4जी साइटों की स्थापना, मौजूदा 4जी साइटों की क्षमता बढ़ाना और नए 5जी साइटें लगाना शामिल है।

कंपनी एफपीओ के जरिये आने वाली रकम का एक हिस्सा स्पेक्ट्रम बकाया चुकाने में भी खर्च करेगी। कंपनी बकाये में 2,175 करोड़ रुपये खर्च करेगी और बाकी रकम का इस्तेमाल उसके सामान्य कामों के लिए किया जाएगा। मूंदड़ा से जब पूछा गया कि क्या कंपनी अगली स्पेक्ट्रम नीलामी में भी भाग लेगी तो उन्होंने संकेत दिया कि कंपनी के पास मौजूद 5जी स्पेक्ट्रम मांग पूरी करने के लिए काफी है। उन्होंने कहा, 'हम 5जी के लिए पिछले कुछ समय से अपने वेंडरों से बात कर रहे हैं। कोई भी ऑर्डर रकम पर निर्भर करता है। इसलिए रकम का इंतजाम होते ही हम तेजी से ऑर्डर देने की कोशिश करेंगे।' मूंदड़ा ने कहा, 'पिछले साल फरवरी में सरकार ने कंपनी में 32 फीसदी हिस्सेदारी ली थी, जिससे निवेशकों का भरोसा लौटने लगा है।' भारत सरकार और कंपनी के शेयरधारक एफपीओ के जरिये अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। कंपनी में सरकार की 32 फीसदी हिस्सेदारी है, जो एफपीओ के बाद घटकर 24 फीसदी रह जाएगी। इससे पहले आदित्य बिड़ला समूह ने तरजीही शेयर आवंटन के जरिये कंपनी में 2,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी। यह रकम एफपीओ का हिस्सा नहीं है। वोडाफोन इस भारतीय दूरसंचार कंपनी में और निवेश नहीं करेगी।

कंपनी अपने उन 40 फीसदी ग्राहकों से उम्मीद लगा रही है, जो अगले दो साल में 4जी छोड़कर 5जी नेटवर्क पर आएंगे। पिछले साल दिसंबर में कंपनी के ग्राहकों की कुल संख्या 21.52 करोड़ थी। रिलायंस जियो के 5जी नेटवर्क पर करीब 9 करोड़ ग्राहक हैं। भारती एयरटेल के 5जी ग्राहकों की कुल संख्या इस साल मार्च के अंत में 7.5 करोड़ हो चुकी थी। एफपीओ के बाद वोडाफोन आइडिया अपने ऋणदाताओं से भी 25,000 करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश करेगी।

कॉल दर में वृद्धि के बारे में पूछने पर मूंदड़ा ने कहा कि उनका एआरपीयू (प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व) दुनिया में सबसे कम है और 2जी ग्राहक 4जी में चले जाएं तो एआरपीयू बढ़ सकता है। उन्होंने यह नहीं बताया कि कॉल दरें कब बढ़ाई जा सकती हैं।



वोडाफोन आइडिया के गैर-कार्यकारी चेयरमैन रविंदर टक्कर और सीईओ अक्षय मूंदड़ा।

**वोडाफोन आइडिया एफपीओ से जुटाएगी पूंजी**

- 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर के लिए मूल्य दायरा 10 से 11 रुपये तय
- बोली/निर्गम 18 अप्रैल को खुलेगा और 22 अप्रैल को बंद होगा
- एंकर निवेशक 16 अप्रैल को लगाएंगे बोली
- बोली कम से कम 1,298 शेयरों के लिए और उसके गुणक में लगाई जा सकती है बोली

स्रोत: डीएचआरपी

**आज का सवाल**

क्या पश्चिमी देशों में तनाव से बाजार में दिखेगी उथल-पुथल?

www.bshindi.com पर राय भेजें।
आप अपना जवाब एसएमएस भी कर सकते हैं। यदि आपका जवाब हां है तो Y और यदि न है तो N लिखकर 57007 पर भेजें।

**पिछले सवाल का नतीजा**

ऐपल की तरह अन्य वैश्विक कंपनियां भी भारत में बढ़ाएंगी उत्पादन?

हां 87% | नहीं 13%

**व्यापार गोष्ठी**

पार्टियों के घोषणा पत्रों पर आपकी राय?

अपनी राय पूरे पते के साथ हमें इस पते पर भेजें:

बिजनेस स्टैंडर्ड, नेहरू हाउस, 4 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 फैक्स नंबर - 011-23720201 या फिर ई-मेल करें goshthi@bsmail.in

अपने विचार आप हमें www.bshindi.com पर भी भेज सकते हैं

# इस साल जमकर बरसेंगे मॉनसून के बादल

संजीव मुखर्जी
नई दिल्ली, 15 अप्रैल

**मौसम** विभाग ने इस साल मॉनसून के सामान्य से बेहतर रहने की भविष्यवाणी की है। इससे महंगाई के खिलाफ जंग में सरकार को कुछ राहत मिल सकती है। विभाग ने कहा है कि 2024 में मॉनसून करीब 106 फीसदी लंबी अवधि के औसत (एलपीए) के साथ सामान्य से बेहतर रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग की इस भविष्यवाणी से इस साल मॉनसून के बारे में अधिकतर मौसम विशेषज्ञों के बीच आम सहमति दिखती है। पिछले सप्ताह मौसम पूर्वानुमान जारी करने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट ने भी कहा था कि इस साल देश भर में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 102 फीसदी एलपीए के साथ 'सामान्य' रह सकता है।

जून से सितंबर की अवधि में की बारिश के लिए एलपीए 87 सेंटीमीटर है और इसके लिए 106 फीसदी के पूर्वानुमान का मतलब साफ है कि मॉनसून सामान्य से बेहतर रहेगा। आम तौर पर 96 से 104 फीसदी एलपीए के साथ बारिश को सामान्य माना जाता है। यह पूर्वानुमान 5 फीसदी घटबढ़ की मॉडल त्रुटि के साथ जारी किया गया है।

विभाग ने कहा है कि जून में मॉनसून का मौसम शुरू होने तक अल नीनो के तटस्थ रहने की उम्मीद है। उसके बाद धीरे-धीरे वह ला नीना की ओर रुख करेगा जो एक सकारात्मक हिंद महासागर डाइपोल (आईओडी) है। मौसम विभाग ने कहा है कि इन सब कारकों से इस साल मॉनसून अच्छा रहने का अनुमान है।

साल 2023 में अल नीनो के प्रभाव के कारण दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सामान्य से कमजोर रहा था। उससे पहले चार वर्षों के दौरान मॉनसून सामान्य रहा था। मौसम विभाग ने कहा कि इस साल देश के 75 से 80 फीसदी भूभाग में मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है। जबकि पश्चिमोत्तर के कुछ चरम इलाकों (जम्मू-कश्मीर एवं उत्तराखंड के पहाड़ी इलाके) और पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों (असम, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल के गंगा के तटवर्ती इलाके) में मॉनसूनी बारिश सामान्य से कम हो सकती है।

मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने आज संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'ऐसा आम तौर पर सामान्य से बेहतर मॉनसून वाले वर्षों में दिखता है जब पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बारिश सामान्य से कम होती है।'

मौसम विभाग ने कहा कि 31 फीसदी संभावना है कि इस साल दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की बारिश सामान्य से बेहतर रहेगी, 30 फीसदी संभावना है कि बारिश अत्यधिक होगी, 29 फीसदी संभावना है कि बारिश सामान्य रहेगी और महज 2 फीसदी संभावना है कि बारिश सामान्य से कम रहेगी।

महापात्र ने कहा, 'संक्षेप कहा जाए तो 2024 में मॉनसून के सामान्य से बेहतर अथवा अत्यधिक होने की 60 फीसदी से अधिक संभावना है और इसके सामान्य से कम अथवा कमजोर रहने संभावना काफी कम है।' मॉनसून के दौरान देश भर में अच्छी बारिश होने से खरीफ कृषि उत्पादन बढ़ेगा और अगली रबी फसल के लिए खेतों में आवश्यक नमी बनी रहेगी।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'सामान्य मॉनसून की भविष्यवाणी हमारे लिए सकारात्मक है। मगर उसका आगमन और प्रगति काफी मायने रखता है क्योंकि उसका असर खरीफ की बोआई पर पड़ता है। मौजूदा भीषण गर्मी चुनौती बनी हुई है क्योंकि जलाशयों में जल स्तर काफी कम हो गया है। ऐसे में तत्काल मुद्रास्फीति बढ़ सकती है।'

**पर्याप्त बारिश के आसार**

- मॉनसून करीब 106 फीसदी लंबी अवधि के औसत (एलपीए) के साथ सामान्य से बेहतर रहने का अनुमान
- निजी एजेंसी स्काईमेट ने भी इस साल दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 102 फीसदी एलपीए के साथ 'सामान्य' रहने का अनुमान जाहिर किया था
- जून में मॉनसून का मौसम शुरू होने तक अल नीनो के तटस्थ रहने की उम्मीद और बाद में धीरे-धीरे वह ला नीना की ओर रुख करेगा
- पश्चिमोत्तर भारत के कुछ चरम इलाकों और पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मॉनसूनी बारिश सामान्य से कम हो सकती



## खबरों में रहे स्टॉक




### इंटेलेक्ट डिजाइन एरिना




व्यापक ईमैक.एआई डिजिटल बदलाव के लिए नैशनल बैंक ऑफ कुवैत से ठेका मिला

₹ 997.0 पिछला बंद भाव
₹ 1,020.2 आज का बंद भाव
2.3 % ▲


### रामकृष्ण फोर्जिंग्स




वंदे भारत ट्रेनसेट के स्लीपर संस्करण के लिए 270 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

₹ 689.2 पिछला बंद भाव
₹ 706.4 आज का बंद भाव
2.5 % ▲


### महिंद्रा ऐंड महिंद्रा




निदेशक मंडल ने गेलोस में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी दी

₹ 2,070.2 पिछला बंद भाव
₹ 2,050.3 आज का बंद भाव
-1.0 % ▼


### हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजिज




उन्नत एआई मेडिकल प्रिवेंटिव ऐंड डायग्नोस्टिक समाधान के लिए ठेका मिला

₹ 821.6 पिछला बंद भाव
₹ 800.8 आज का बंद भाव
-2.5 % ▼

### एस्टर डीएम हेल्थकेयर




बोर्ड ने जीसीसी कारोबार की बिक्री से प्रति शेयर 118 रुपये के विशेष लाभांश को मंजूरी दी

₹ 488.0 पिछला बंद भाव
₹ 522.8 आज का बंद भाव
7.1 % ▲

## संक्षेप में

### रिलायंस कैपिटल ऑडिट मामले में जुर्माना

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने एक ऑडिट कंपनी और दो ऑडिटर पर कुल 4.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला 2018-19 में रिलायंस कैपिटल की वित्तीय स्थिति की ऑडिटिंग में कथित खामियों से जुड़ा है। पाठक एचडी ऐंड एसोसिएट्स पर तीन करोड़ रुपये, परिमल कुमार झा पर एक करोड़ रुपये और विशाल डी शाह पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा झा और शाह पर ऑडिट से जुड़े काम करने पर क्रमशः 10 साल और पांच साल की रोक लगा दी गई है। वित्त वर्ष 2018-19 के रिलायंस कैपिटल के वैधानिक ऑडिट के लिए झा एंगेजमेंट पार्टनर (ईपी) थे और शाह एंगेजमेंट क्वालिटी कंट्रोल रिव्यू (ईक्यूसीआर) पार्टनर थे। *भाषा*

### मुंबई मेट्रो वन के खिलाफ याचिका का निपटान

राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण (एनसीएलटी) ने रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को राहत देते हुए मुंबई मेट्रो वन प्राइवेट लिमिटेड (एमएमओपीएल) के खिलाफ एसबीआई तथा आईडीबीआई बैंक की तरफ से दायर दिवाला मामले का निपटारा कर दिया है। एमएमओपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड तथा मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजनल डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) का संयुक्त उद्यम है। इसमें मुंबई मेट्रो वन की 74 प्रतिशत और एमएमआरडीए की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि एमएमओपीएल) के खिलाफ सभी ऋणदाताओं द्वारा जारी ओटीएस (एकमुश्त ऋण निपटान) के मद्देनजर एसबीआई तथा आईडीबीआई बैंक की धारा-7 के तहत दायर याचिकाओं का निपटारा एनसीएलटी मुंबई ने कर दिया है।' *भाषा*

# बैजूस के सीईओ का इस्तीफा

## कंपनी 3 मुख्य खंडों में एकीकृत कर रही व्यवसाय, रवींद्रन संभालेंगे रोजमर्रा का कामकाज

**पीरजादा अबरार**
बेंगलूरु, 15 अप्रैल

जिम्मेदारी संभालने के ठीक छह महीने बाद भारत में बैजूस के मुख्य कार्याधिकारी अर्जुन मोहन ने कंपनी को अलविदा कह दिया है। संकट से घिरी बैजूस अब तीन खंडों में अपने व्यवसाय को पुनर्गठित कर रही है। कंपनी के संस्थापक बैजू रवींद्रन फर्म के रोजमर्रा के परिचालन की कमान संभालेंगे।

नकदी किल्लत से जूझ रही फर्म ने सोमवार को कहा कि बैजूस अपने व्यवसायों को तीन डिवीजन में एकीकृत कर रही है। ये हैं ऑनलाइन लर्निंग ऐप बिजनेस, ऑनलाइन क्लासेज और ट्यूशन सेंटर और टेस्ट प्रिपरेशन। प्रत्येक खंड का अलग मुखिया होगा।

कंपनी ने कहा है, 'ये बदलाव सात महीने की परिचालन समीक्षा और बैजूस इंडिया के निवर्तमान सीईओ अर्जुन मोहन के नेतृत्व में लागत अनुकूलन प्रयासों के बाद किए गए हैं। मोहन अब बदलाव के इस चरण के दौरान कंपनी और उसके संस्थापकों को अपनी गहन एडटेक विशेषज्ञता देते हुए बाहरी सलाहकार की भूमिका निभाएंगे।' कंपनी ने मोहन के इस्तीफे का कोई कारण नहीं बताया है।

प्रस्तावित व्यावसायिक समेकन की जानकारी देते हुए रवींद्रन ने कहा, 'यह पुनर्गठन बैजूस 3.0 की शुरुआत का प्रतीक है।' उन्होंने कहा, 'तीन विशेष कारोबारी इकाइयों के साथ अपनी मुख्य ताकत पर ध्यान केंद्रित करते हुए हम नए विकास अवसरों का लाभ उठाएंगे। साथ ही मुनाफे पर अपना ध्यान बनाए रखेंगे।'




संकट से घिरी एडटेक कंपनी ने अपनी पुनर्गठन पहल के तौर पर हाल में करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की है

बैजूस ने पिछले साल सितंबर में मृणाल मोहित को हटाकर अर्जुन मोहन को अपने भारतीय व्यवसाय का मुख्य कार्याधिकारी बनाया था। मोहन इससे पहले प्रतिस्पर्धी एडटेक फर्म अपग्रेड में काम कर रहे थे। रवींद्रन ने सोमवार को कहा, 'मोहन ने चुनौतीपूर्ण अवधि में बैजूस का शानदार तरीके से प्रबंधन किया। हम उनकी नेतृत्व क्षमता के आभारी हैं और एक महत्वपूर्ण सलाहकार के तौर पर उनका योगदान बरकरार रहने की उम्मीद करते हैं।'

एडटेक कंपनी ने पुनर्गठन पहल के तौर पर हाल में करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की है। छंटनी का नया राउंड 4500 कर्मियों को निकालने के लिए कंपनी द्वारा पिछले साल शुरू की गई कोशिश का हिस्सा था। यह योजना अर्जुन मोहन ने तैयार की थी। पिछले साल अक्टूबर से नवंबर के बीच करीब 3,000 लोगों को निकाला गया था। बैजूस ने पूरे भारत में अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को बंद कर दिया है और बेंगलूरु में आईबीसी नॉलेज पार्क का मुख्यालय अपने पास रखा है। वर्ष 2022 में कंपनी के कर्मचारियों की संख्या बढ़कर करीब 50,000 पर पहुंच गई थी।

### 55 % शेयरधारकों ने राइट्स इश्यू को मंजूरी दी

**एडटेक** फर्म बैजूस ने कहा है कि 29 मार्च 2024 को पोस्टल बैलट और आयोजित असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में राइट्स इश्यू के प्रस्ताव को कुल वोटों के 55 प्रतिशत के बहुमत से मंजूरी दी गई है। मतदान प्रक्रिया में ईजीएम और पोस्टल बैलट दोनों शामिल थे और यह 6 अप्रैल को संपन्न हुई, जिसकी एक स्वतंत्र थर्ड पार्टी द्वारा पूरी तरह से जांच की गई।

ईजीएम प्रस्तावों को मंजूरी से नए शेयर जारी करने और नकदी संकट से निपटने के लिए राइट्स इश्यू लाने का रास्ता साफ हो गया है। अब बैजूस की पैतृक कंपनी थिंक ऐंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड राइट्स इश्यू ला सकेगी। कंपनी को कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए नकदी की किल्लत, नियामकीय बकाया और वेंडरों को भुगतान जैसी समस्या से जूझना पड़ रहा है। कंपनी ने कहा है कि भुगतान में विलंब हमारे चार विदेशी शेयरधारकों की वजह से हुआ है जिन्होंने रचनात्मक संवाद के बजाय मनमर्जी वाली मुकदमेबाजी का रास्ता चुना। एक स्वतंत्र जांचकर्ता ने पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करते हुए लागू कानूनों के साथ सख्ती से प्रक्रिया का आकलन किया। *बीएस*

# स्मार्टफोन की बिक्री में आई गिरावट

**सुरजीत दास गुप्ता**
नई दिल्ली, 15 अप्रैल

**काउंटर** पॉइंट रिसर्च के अनुमानों के अनुसार, स्मार्ट फोन उद्योग के लिए कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही निराशाजनक रही है। पिछले साल की समान अवधि की तुलना में स्मार्ट फोन की बिक्री में 3 से 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। मगर कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में नए मॉडलों की पेशकश के साथ कुल शिपमेंट में एक साल पहले की तुलना में 10 से 12 फीसदी का इजाफा हुआ है। कैलेंडर वर्ष 2023 में शिपमेंट स्थिर रहा था और साल का अंत 15.2 करोड़ इकाइयों के साथ हुआ था।

काउंटर पॉइंट की वरिष्ठ विश्लेषक शिल्पा जैन ने कहा, 'हम इस साल की शुरुआत से ही भारत के स्मार्ट फोन बाजार में धीमी मांग का दौर देख रहे हैं। त्योहारी सीजन और उसके बाद की गति इस साल बरकरार नहीं रह सकी।'

जैन ने बताया कि जनवरी और फरवरी के दौरान बिक्री बहुत कम थी, लेकिन मार्च में होली के समय मांग में कुछ इजाफा हुआ। उन्होंने कहा, 'त्योहारों के बाद प्रतिस्थापन चक्र बढ़ने और सरकार की धन वाली नीतियों की कमी के कारण मांग धीमी है।'

कंपनियों को उम्मीद है कि कैलेंडर वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही बेहतर रहेगी। चीनी मोबाइल फोन ब्रांड के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, 'पहली तिमाही में बहुत सारे नए फोन पेश किए गए, लेकिन बिक्री दिखने में थोड़ा वक्त लगता है। हम दूसरी तिमाही में बिक्री पर सकारात्मक असर देखेंगे और हमें उम्मीद है कि यह पिछले साल की तुलना में बेहतर होगा।'



2जी ग्राहकों की गिरावट में नरमी से स्मार्टफोन की बिक्री पर असर

2जी ग्राहकों की गिरावट में कमी भी एक अन्य चुनौती है। इससे स्मार्ट फोन की बिक्री पर असर पड़ा है क्योंकि उम्मीद थी कि ये ग्राहक जल्द ही 4जी फोन में अपग्रेड हो जाएंगे। काउंटर प्वाइंट के अनुसार, साल 2023 में 2जी ग्राहकों की गिरावट एक साल पहले की तुलना में महज 22 फीसदी थी। यह साल 2022 में 2021 के मुकाबले 21 फीसदी थी। रिसर्च एजेंसी का अनुमान है कि साल 2024 में 2जी ग्राहकों की गिरावट में पिछले साल के मुकाबले 17 फीसदी की कमी आएगी।

# शेयरचैट ने जुटाए 4.9 करोड़ डॉलर

**भारतीय** सोशल मीडिया कंपनी शेयरचैट (मोहल्ला टेक प्राइवेट लिमिटेड) ने लाइटस्पीड, टेमासेक, एल्केन कैपिटल, मूर स्ट्रैटेजिक वेंचर्स और हार्बरवेस्ट जैसे मौजूदा निवेशकों की अगुआई में परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिये 4.9 करोड़ डॉलर की रकम जुटाने का दौर पूरा करने का ऐलान किया है।

यह पूंजी जुटाने से कंपनी को विज्ञापन को लक्ष्य बनाने वाली अपनी तकनीक में और निवेश करने के साथ-साथ शेयरचैट लाइव और मोज लाइव पर उपभोक्ता लेनदेन करोबार की वृद्धि जारी रखने में मदद मिलेगी। परिचालन के लिहाज से शेयरचैट ऐप पहले से ही लाभ में है और उम्मीद है कि शॉर्ट वीडियो ऐप मोज अगले कुछ महीने में परिचालन लाभ हासिल कर लेगी।

शेयरचैट और मोज के मुख्य कार्य अधिकारी तथा सह संस्थापक अंकुश सचदेवा ने कहा कि इस नई रकम का इस्तेमाल मुद्रीकरण की हमारी मजबूत योजनाओं को बढ़ावा देने तथा हमें लागत निकालने और उससे आगे की राह पर आगे बढ़ाने के लिए किया जाएगा। *बीएस*

QUANTUM MUTUAL FUND
FOR THOUGHTFUL INVESTORS

**Investment Manager:** Quantum Asset Management Company Private Limited
1st Floor, Apeejay House, 3 Dinshaw Vachha Road, Backbay Reclamation, Churchgate, Mumbai - 400020
**Toll Free No.:** 1800-209-3863 / 1800-22-3863 **Email:** CustomerCare@QuantumAMC.com
**Website:** www.QuantumAMC.com **CIN:** U65990MH2005PTC156152

**NOTICE NO. 1 / 2024**

**NOTICE**

Notice is hereby given to the Investors / Unit holders of all the Scheme(s) of Quantum Mutual Fund (Fund) that in accordance with Regulation 59A of SEBI (Mutual Funds) Regulations, 1996 read with SEBI Master Circular dated May 19, 2023, that Half yearly Statement of the Schemes Portfolio of the Fund for the half year ended March 31, 2024, is hosted on the website of the Company www.QuantumAMC.com and on the website of Association of Mutual Funds in India (AMFI).

Investors / Unit holders can submit a request to receive a physical or electronic copy of the Half yearly Statement of the Schemes Portfolio of the Fund at free of cost either through Short Messaging Service (SMS) - <QMF HYP> to 9243223863 / Telephone - 1800-22-3863 / 1800-209-3863 / Email - Customercare@QuantumAMC.com / Written Request through a physical Letter addressing to Quantum Asset Management Company Private Limited, 1st Floor, Apeejay House, 3 Dinshaw Vachha Road, Backbay Reclamation, Churchgate, Mumbai - 400020.

**For Quantum Asset Management Company Private Limited**
**(Investment Manager – Quantum Mutual Fund)**
**Sd/-**
**Jimmy A Patel**
**Managing Director and Chief Executive Officer**
**DIN: 00109211**

**Place: Mumbai**
**Date: April 10, 2024**

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

FEDBANK

**फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड**
**कॉर्पोरेट कार्यालय :** कनकिया वॉल स्ट्रीट, ए–विंग, 5वां तल, यूनिट नंबर 501, 502, 511, 512
अंधेरी कुर्ला रोड, चकला अंधेरी पूर्व मुंबई, महाराष्ट्र – 400093

**मांग सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ("अधिनियम") तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 ("नियमावली") के प्रावधानों के अंतर्गत**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (फेडफिना) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिनियम के अंतर्गत तथा अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना(यें) निर्गत की थीं, जिसमें/जिनमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) को संबंधित सूचना(ओं) में अंकित राशि का, उक्त सूचना/ओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था। अधोहस्ताक्षरकर्ता सकारण मानते हैं कि उधारकर्ता(गण) मांग सूचना(ओं) को प्राप्त करने से बच रहे हैं, अतएव उन्हें सूचना प्राप्त हो इस उद्देश्य हेतु नियमावली के अनुसार, सूचना को उनके पते पर चिपकाकर तथा प्रकाशित करके उन्हें प्रेषित किया जा रहा है। मांग सूचना(ओं) की विषयवस्तु का यहां इसमें निम्नानुसार उल्लेखन किया गया है :–

| क्र. सं. | उधारकर्ता / सह–उधारकर्ताओं प्रकरणानुसार संपत्ति धारकों के नाम | प्रतिभूत परिसंपत्तियों /बंधक संपत्ति का विवरण | धारा 13(2) के अंतर्गत निर्गत मांग सूचना की तिथि तथा कुल बकाया |
|---|---|---|---|
| 1. | **लैन नं.: FEDDLHLAP0494398** **1. बासुदेव ट्रेडिंग (उधारकर्ता), अपने स्वामी के माध्यम से, 2. बासुदेव कुमार कौशिक उपनाम वासुदेव शर्मा (सह–उधारकर्ता), 3. कंचन कौशिक (सह–उधारकर्ता),** पता : मकान नं. 415, ग्राम साहिबाबाद, आई.ई. साहिबाबाद, गाजियाबाद–201010, अन्य पता यहां पर भी : मकान सं. 288, खसरा सं. 429, ग्राम साहिबाबाद (कुंआ वाली गली), लोनी, जनपद गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201010 | मकान नं. 288, क्षेत्राधिमापन 140 वर्ग गज अर्थात् 117.054 वर्ग मीटर, खसरा सं. 429, एंडरून आबादी ग्राम साहिबाबाद (कुंआ वाली गली), परगना लोनी, तहसील एवं जनपद गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)। संपत्ति निम्नानुसार परिसीमित है : उत्तर– अन्य संपत्ति, पूर्व– सड़क 16 फुट, दक्षिण– संपत्ति का भाग, पश्चिम– सत्यदेव की संपत्ति। | **दिनांक : 08/04/2024 रु. 31,04,706.94/– (रुपये इकतीस लाख चार हजार सात सौ छह एवं चौरानबे पैसे मात्र) 05/04/2024 के अनुसार एनपीए दिनांक : 04–01–2024** |

उधारकर्ता(ओं) को एतदद्वारा सलाह दी जाती है कि वे मांग सूचना(ओं) का पालन करें और इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर यहां इसमें उपरोक्त उल्लिखित मांग राशि का, लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत सहित और भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक हुये व्यय के साथ भुगतान करें। उधारकर्ता(गण) ध्यान दें कि **फेडफिना** एक प्रतिभूत लेनदार है और उधारकर्ता(ओं) द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा, अचल संपत्ति/संपत्तियों के समक्ष एक प्रतिभूत ऋण है जो कि उधारकर्ता(ओं) द्वारा बंधककृत प्रतिभूत परिसंपत्ति(यां) है। यदि उधारकर्ता(गण) निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन करने में विफल रहते हैं, तो **फेडफिना** अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) का अधिग्रहण करने के लिए सभी अधिकारों का उपयोग करने का हकदार होगा, जिसमें निम्न शामिल हैं किंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं: बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके तहत विरचित नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय को लागू करने और भुगतान प्राप्त करने के लिए उसी को स्थानांतरित करने तक सीमित नहीं है। **फेडफिना** को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) को अटैच और/या सील करने का भी अधिकार है। प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) की बिक्री के बाद, **फेडफिना** को उस स्थिति में, जब बंधककृत संपत्तियों का मूल्य **फेडफिना** को देय भुगतानयोग्य राशि को पूरा करने के लिए अपर्याप्त होता है, बकाया राशि की वसूली के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है। यह उपाय किसी भी अन्य कानून के तहत **फेडफिना** को उपलब्ध अन्य सभी उपचारों के अतिरिक्त और स्वतंत्र उपाय है।
उधारकर्ता(ओं) का ध्यान, प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) को ऋणमुक्त करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13(8) की ओर तथा इसके बाद अधिनियम की धारा 13(13) की ओर आकृष्ट किया जाता है, जिसके द्वारा उधारकर्ता(ओं) को **फेडफिना** की पूर्व लिखित सहमति के बिना प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) का निस्तारण करने अथवा उनका लेन–देन करने से अथवा किसी भी प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) को बिक्री, पट्टे के माध्यम से अथवा अन्यथा (व्यापार के सामान्य अनुक्रम के अतिरिक्त) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित/निषिद्ध किया जाता है तथा उपरोक्त का पालन न करना, उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत एक दंडनीय अपराध है। मांग सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता(गण), यदि वे चाहें, तो किसी भी कार्यदिवस पर सामान्य कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता से प्रति प्राप्त कर सकते हैं।
**टिप्पणी :– कृपया सरफॉएसि अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत निर्गत पूर्ववर्ती सूचना दिनांकित 18/01/2024 की अनदेखी करें तथा इस सूचना को आधिकारिक मांग सूचना के रूप में मानें–समझें।**

हस्ता./–
**प्राधिकृत अधिकारी**
**फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड**

**दिनांक : 16–04–2024**
**स्थान : गाजियाबाद**

# अंबुजा सीमेंट्स करेगी तमिलनाडु में ग्राइंडिंग इकाई का अधिग्रहण

**अमृता पिल्लै**
**मुंबई, 15 अप्रैल**

**गौतम** अदाणी के निवेश वाली अंबुजा सीमेंट्स ने दक्षिण भारत के बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए तमिलनाडु में कुल 413.75 करोड़ रुपये में एक ग्राइंडिंग इकाई का अधिग्रहण करने के लिए करार किया है। कंपनी ने आज यह जानकारी दी। अंबुजा सीमेंट्स ने अपने बयान में कहा कि उसने तमिलनाडु के तूतीकोरिन में माई होम इंडस्ट्रीज से 15 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता हासिल करने के लिए निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण के लिए आंतरिक स्रोतों से रकम का इंतजाम किया गया है और इससे अदाणी समूह की सीमेंट क्षमता 7.89 करोड़ टन प्रति वर्ष हो गई है। इस अधिग्रहण से तमिलनाडु और केरल के दक्षिणी बाजारों के तटीय इलाकों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया है कि तमिलनाडु में चूना पत्थर की सीमित उपलब्धता से सांघीपुरम संयंत्र से क्लिंकर की तटवर्ती इलाकों में आवाजाही की वजह से अद्वितीय प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। इससे किफायती लागत का परिचालन भी सुनिश्चित होगा। अंबुजा सीमेंट्स ने पिछले वित्त वर्ष में सांघी इंडस्ट्रीज से सांघीपुरम संयंत्र का अधिग्रहण किया था।



अदाणी सीमेंट्स के मुख्य कार्य अधिकारी अजय कपूर ने कहा, 'बुनियादी ढांचे और भौगोलिक लाभों के अलावा अंबुजा सीमेंट्स को मौजूदा डीलर नेटवर्क भी मिलेगा। कंपनी वर्तमान कर्मचारियों को बनाए रखेगी जिससे इस बदलाव को सुचारु रूप से अंजाम देने में मदद मिलेगी।' वर्तमान में अदाणी अपने सीमेंट वॉल्यूम का 10 प्रतिशत दक्षिणी बाजार में बेचती है। यह अभी तक सबसे छोटा बाजार है।

# भारत में पहले शोरूम के लिए जगह तलाश रही टेस्ला

**रॉयटर्स**
नई दिल्ली, 15 अप्रैल

**अमेरिकी** इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला इस साल के अंत में भारत में बिक्री शुरू करने से पहले नई दिल्ली और मुंबई में अपने संभावित शोरूम के लिए जगह तलाशने पर विचार कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले दो लोगों ने यह जानकारी दी है।

चार वर्षों में पहली बार पहली तिमाही में अपने वैश्विक वाहन डिलिवरी में गिरावट देखने वाली टेस्ला नए बाजारों में विस्तार करने का प्रयास कर रही है। योजना की जानकारी रखने वाले ने एक व्यक्ति ने कहा कि कंपनी 3 हजार से 5 हजार वर्ग फुट (280-645 वर्ग मीटर) के शोरूम के साथ-साथ शहर में एक सर्विस सेंटर के साथ शुरुआत करना चाह रही है।

**रविवार को दो दिवसीय भारत दौरे पर आ रहे हैं टेस्ला के ईलॉन मस्क**

अलग-अलग सूत्रों ने कहा कि वाहन निर्माता भारत में निर्यात के लिए जर्मनी में अपने संयंत्र से राइट हैंड ड्राइव (दाहिनी ओर से चलने वाली कारें) कारों का उत्पादन शुरू कर दिया है। केंद्र सरकार ने पिछले महीने उन वाहन निर्माताओं के लिए इलेक्ट्रिक वाहन आयात कर को 100 फीसदी से कम कर 15 फीसदी कर दिया जो देश में 50 करोड़ डॉलर का निवेश करेंगे और एक कारखाना लगाएंगे। टेस्ला के मुख्य कार्य अधिकारी ईलॉन मस्क रविवार को दो दिवसीय भारत दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरान उम्मीद की जा रही है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के दौरान निवेश की घोषणा कर सकते हैं। मोदी और मस्क की इससे पहले पिछले साल जून में न्यूयॉर्क में मुलाकात हुई थी।

सूत्रों में से एक बताया कि टेस्ला के अधिकारियों ने पिछले महीने से जगह तलाशना शुरू कर दिया है और वे वे हाई स्ट्रीट और मॉल वाली जगहों को देखने के लिए कई रियल एस्टेट डेवलपरों के साथ बातचीत भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी जल्द निर्माण करना चाहती है ताकि शोरूम इस साल शुरू हो सके। हालांकि, सूत्रों ने अपनी पहचान उजागर करने से इनकार कर दिया क्योंकि ये चर्चा अभी गोपनीय है।

## ओला इलेक्ट्रिक ने घटाए एस1 एक्स मॉडल के दाम

**इलेक्ट्रिक** दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को अपने प्रवेश-स्तर के मॉडल एस1 एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की कटौती कर दी। कीमतों में इस कटौती के साथ ही ओला का यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अब परंपरागत स्कूटर मॉडलों के आसपास पहुंच गया है। ओला ने एस1 एक्स मॉडल को इस साल फरवरी में 79,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया था। इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपये रखी गई थी। ओला इलेक्ट्रिक के मुख्य विपणन अधिकारी अंशुल खंडेलवाल ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस प्रवेश-स्तर के स्कूटर की कीमतें तत्काल प्रभाव से कम कर दी गई हैं और अगले सप्ताह से इनकी आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। *भाषा*

# वेदांत ने लिया 3,918 करोड़ रु का ऋण

**खनन** समूह वेदांत लिमिटेड ने पावर फाइनैंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) से 11 साल के लिए 3,918 करोड़ रुपये का ऋण हासिल किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस धनराशि से वेदांत को अपनी बिजली परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में मदद मिलेगी। जानकार सूत्रों ने बताया कि समूह की योजना वित्त वर्ष 2026-27 तक भारत में अपने बिजली कारोबार की परिचालन क्षमता को 4.8 गीगावॉट तक बढ़ाने की है। यह ताजा वित्तपोषण, एनसीएलटी द्वारा संचालित दिवाला प्रक्रिया में 28 दिसंबर को वेदांत समूह द्वारा मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड के अधिग्रहण के बाद हुआ है। मीनाक्षी एनर्जी के पास आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में कोयला आधारित बिजली संयंत्र है।

वेदांत ने दो बिजली संयंत्रों - आंध्र प्रदेश में एक गीगावॉट क्षमता वाली मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड और छत्तीसगढ़ में 1.2 गीगावॉट क्षमता वाली एथेना पावर का अधिग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि वित्त पोषण से मिली राशि का मुख्य रूप से इन दो प्रमुख बिजली संयंत्रों के लिए उपयोग करेगा। *भाषा*

# 'डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने वाली कंपनियों के लिए भारत पसंदीदा स्थल'

**प्रौद्योगिकी** उद्योग के शीर्ष संगठन नैसकॉम ने सोमवार को कहा कि डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने वाले उद्यमों के लिए भारत शीर्ष प्राथमिकता वाला देश बना हुआ है। साथ ही यह उम्मीद है कि कंपनियां एआई, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा पर खर्च बढ़ाएंगी।

नैसकॉम ने यह बात 'डिजिटल उद्यमों की परिपक्वता 5.0: एआई के युग में डिजिटल तैयारी' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कही है। यह 11 प्रमुख क्षेत्रों और सात प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों में 550 उद्यमों के सर्वेक्षण पर आधारित है। सर्वे में पाया गया कि बीते वर्ष देश में 71 प्रतिशत उद्यमों ने अपने तकनीकी खर्च का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा डिजिटल पर व्यय किया। इसमें कहा गया है 'लगभग 90 प्रतिशत कंपनियों ने 2024 में एआई, मशीन लर्निंग, बिग डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और इंटेलिजेंट ऑटोमेशन सहित प्रमुख डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने की योजना का संकेत दिया है।'

रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही तक कंपनियों का ध्यान मुख्य रूप से साइबर सुरक्षा की ओर होने की उम्मीद है। इसका कारण काफी संख्या में कंपनियों ने 'जेनेरिक एआई' अपनाने की बात कही है। यह बीते साल एक प्रमुख तकनीक के रूप में उभरी है। नैसकॉम ने कहा कि 'जेनरेटिव एआई' में जो प्रगति हुई है, उसमें डिजिटल प्रतिभा पर अधिक जोर दिया गया है। सर्वे में 83 प्रतिशत उद्यमों ने कहा कि उनके कुल कार्यबल का छह प्रतिशत से अधिक डिजिटल भूमिकाओं में हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक, बीएफएसआई, उच्च प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, मीडिया और मनोरंजन के साथ ही ऊर्जा और बिजली कंपनियों जैसे क्षेत्र अपने डिजिटल सेवा अनुबंधों का विस्तार कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि भारत अपने डिजिटल सेवाओं के पोर्टफोलियो को बनाने और विस्तार देने का लक्ष्य रखने वाली कंपनियों के लिए पसंदीदा 'आउटसोर्सिंग' गंतव्य बना हुआ है। *भाषा*

**दिल्ली संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ.प्र. से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नईदिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं

**सवाल जवाब**

# मैंने भारतीय बाजार में निवेश का मौका गंवाया

**भारतीय शेयर बाजार ने काफी तेजी दर्ज की है। हाल में सेंसेक्स ने पहली बार 75,000 का आंकड़ा पार किया था। रोजर्स होल्डिंग्स के चेयरमैन जिम रोजर्स ने पुनीत वाधवा के साथ एक वीडियो साक्षात्कार में बताया कि भारतीय शेयर बाजार में उत्साह बहुत ज्यादा बढ़ रहा है। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंशः**



**लगभग हरेक परिसंपत्ति वर्ग – इक्विटी, ब्याज दर, बॉन्ड यील्ड, क्रिप्टोकरेंसी, रियल एस्टेट, गोल्ड और कच्चा तेल- में तेजी का रुझान है। बढ़ते उत्साह के बीच क्या यह समय सतर्क रहने का है?**

पिछले समय में जब इस तरह के रुझान देखे जाते थे तो इससे अक्सर समस्याएं बढ़ती थीं। हाल में चीन को छोड़कर कई बाजारों में शेयर कीमतें बढ़ी हैं। चीन में शेयर कीमतों पर दबाव बना हुआ है। दुनिया में लगभग हर जगह हालात उत्साहजनक हो रहे हैं। बाजार में नए लोग आ रहे हैं और उत्साह बढ़ रहा है। ऐतिहासिक रूप से इससे समस्याओं को बढ़ावा मिलता है।

**क्या आप मानते हैं कि इस बार हालात अलग रह सकते हैं?**

ये बेहद चुनौतीपूर्ण शब्द हैं- 'इस बार हालात अलग रहेंगे'। यदि आप किसी को ऐसा कहते हुए सुनते हैं तो चिंतित हो जाइए। हालात कभी अलग नहीं होंगे। जब बात पैसे और निवेश की हो तो इंसान हमेशा समान रुख अपनाएगा।

**पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक हालात को आप किस नजरिये से देखते हैं? कच्चे तेल और सोने पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?**

पश्चिम एशिया में गंभीर समस्याएं पैदा हो रही हैं। यदि मौजूदा स्थिति पूरी तरह युद्ध में तब्दील हुई तो इससे बाजार, कच्चे तेल और सोने पर प्रभाव पड़ेगा। तेल कीमतें आसमान पर पहुंच जाएंगी और इसलिए सोना भी चढ़ेगा। बाजार ढह जाएंगे। युद्ध का परिणाम शेयर बाजारों के लिए कभी अच्छा नहीं रहा है।

**भूराजनीतिक हालात बदतर हुए तो सोने और कच्चे तेल की कीमतों में कितनी वृद्धि देख सकते हैं?**

मेरे पास तेल और सोना है, युद्ध की वजह से नहीं बल्कि इसलिए क्योंकि मुझे दुनियाभर में कच्चे तेल की किल्लत नजर आ रही है। दूसरी तरफ, सोने की कीमतें अब कुछ समय से कमजोर पड़ी थी। लेकिन इनमें फिर से तेजी आनी शुरू हो गई है। भूराजनीतिक चिंताओं से सोने की कीमतों में तेजी को बढ़ावा मिलेगा। इसलिए, मैं सोना नहीं बेच रहा हूं। यदि आज मुझे कुछ खरीदना होता तो मैं फिर से चांदी खरीदूंगा। चांदी की कीमतें अपने सर्वाधिक ऊंचे स्तर से काफी नीचे आई हैं।

**क्या अमेरिका में मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़े से अमेरिकी फेड द्वारा दर कटौती के संबंध में आपकी उम्मीद भी धूमिल पड़ी है? अमेरिकी चुनाव परिणाम का फेड की नीति पर कितना असर पड़ेगा?**

कई केंद्रीय बैंकरों को नहीं पता कि वे क्या कर रहे हैं। वे नौकरशाह और शिक्षाविद हैं जिनके पास सरकारी नौकरी है। कुछ साल पहले भारत में अच्छे केंद्रीय बैंक थे। लेकिन यदि आप इतिहास पर नजर डालें तो पता चलता है कि ज्यादातर केंद्रीय बैंकर यह नहीं जानते थे कि उन्हें क्या करना चाहिए। आपको अभी अमेरिकी केंद्रीय बैंक पर बहुत भरोसा है, लेकिन वह भी नहीं जानता कि क्या करना चाहिए। मुद्रास्फीति फिर से बढ़ेगी और तब उन्हें फिर से दरें बढ़ानी होंगी। इस वजह से हम सभी को चुनौती का सामना करना होगा। शायद यह शेयर बाजारों के लिए तिनके का सहारा हो।

**अगले 6 से 12 महीनों के दौरान भारतीय शेयर बाजार की चाल कैसी रह सकती है?**

भारतीय शेयर बाजार का सफर शानदार रहा है। मेरे पास भारतीय शेयर नहीं हैं, लेकिन अगर मेरे पास होते तो मैं उन्हें अभी नहीं बेचता।

**क्या अब आप भारतीय शेयर खरीदना पसंद करेंगे?**

यह तभी संभव होगा, जब शेयर कीमतें काफी नीचे गिर जाएं। मुझे महंगे शेयर रखना और ऐसे समय में बाजार में प्रवेश करना पसंद नहीं, जब वह सर्वाधिक ऊंचे स्तर पर हो। मैंने भारतीय शेयर बाजार में निवेश का अवसर गंवा दिया है और ऐसा पहली बार नहीं हुआ।

**भारतीय बाजार के संबंध में आपकी मुख्य चिंता क्या है?**

मुख्य चिंता यह है कि जल्द पैसा कमाने के चक्कर में शेयर बाजार में तेजी से नए निवेशक आ रहे हैं। ऐसे हालात पहले भी देखे गए और अभी भी बने हुए हैं। इन सबसे समस्याएं बढ़ जाती हैं। भारतीय बाजार में उत्साह काफी ज्यादा बढ़ रहा है। बाजार में भरोसा पैदा हो रहा है, वे ज्यादा उत्साहित और आक्रामक हैं। इससे आखिरकार समस्याओं को बढ़ावा मिलेगा।

**ऐसे कौन से क्षेत्र हैं, जिनमें आप मूल्यांकन गिरने पर निवेश करना पसंद करेंगे?**

शायद भारतीय पर्यटन। भारत एक दिन दुनिया में सबसे शानदार पर्यटन स्थलों में से एक बन सकता है। यदि मुझे किसी सस्ती भारतीय पर्यटन कंपनी में निवेश का मौका मिलेगा तो मैं निवेश करूंगा। यदि कोई अपनी जिंदगी में सिर्फ एक देश की यात्रा कर सका है, तो शायद वह होगा भारत। दुनिया में इसके जैसा देश नहीं है। यहां आकर्षक पर्यटन संभावनाएं हैं। यही वजह है कि मुझे अगर यहां किसी अच्छी टूरिज्म कंपनी में निवेश का अवसर मिलेगा तो निश्चित तौर पर करूंगा।

# स्मॉलकैप योजनाओं में सहज हो रहा स्ट्रेस का स्तर

## बड़े आकार वाली ज्यादातर स्मॉलकैप योजनाओं ने मार्च में गिरावट के बीच बाजारों में नकदी झोंकी

**अभिषेक कुमार**
मुंबई, 15 अप्रैल

**एसबीआई,** ऐक्सिस और क्वांट जैसे फंडों की स्मॉलकैप योजनाओं ने स्ट्रेस टेस्ट के हालिया दौर में नकदी के मोर्चे पर सुधार देखा है। स्मॉलकैप फंड पोर्टफोलियो के 50 फीसदी हिस्से को बेचने के जरूरी दिनों की संख्या मार्च में 12 अग्रणी योजनाओं के मामले में घटकर औसतन 26.7 रह गई जो फरवरी में 27.2 थी।

एसबीआई और ऐक्सिस स्मॉलकैप फंडों ने अपना-अपना नकदी मानक सुधारने में कामयाबी पाई। स्मॉलकैप में उनका निवेश फरवरी के मुकाबले मार्च में बढ़ा। एसबीआई के स्मॉलकैप फंड की स्मॉलकैप होल्डिंग 81 फीसदी से बढ़कर 82 फीसदी हो गई। ऐक्सिस स्मॉलकैप फंड ने भी निवेश में एक फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की। हालांकि निप्पॉन इंडिया, एचडीएफसी और कोटक जैसे फंडों की योजनाओं ने अपने पोर्टफोलियो के 50 फीसदी हिस्से को नकदी में बदलने के लिए जरूरी दिनों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की।

मार्च में स्मॉलकैप में गिरावट आई और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 4.5 फीसदी फिसल गया। 30 महीने में मार्च पहला ऐसा महीना रहा जब स्मॉलकैप फंड श्रेणी ने निवेश निकासी का सामना किया।

### कम हो रहा दबाव




- स्मॉलकैप फंड पोर्टफोलियो के 50 फीसदी हिस्से को बेचने के जरूरी दिनों की संख्या मार्च में 12 अग्रणी योजनाओं के मामले में घटकर औसतन 26.7 रह गई जो फरवरी में 27.2 थी
- निप्पॉन इंडिया, एचडीएफसी और कोटक जैसे फंडों की योजनाओं ने अपने पोर्टफोलियो के 50 फीसदी हिस्से को नकदी में बदलने के लिए जरूरी दिनों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की
- मार्च में स्मॉलकैप में गिरावट आई और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 4.5 फीसदी फिसल गया
- 30 महीने में मार्च पहला ऐसा महीना रहा जब स्मॉलकैप फंड श्रेणी ने निवेश निकासी का सामना किया

निवेशकों ने पिछले महीने इन फंडों से 94 करोड़ रुपये निकाले।

ज्यादातर स्मॉलकैप योजनाओं ने गिरावट का इस्तेमाल अपनी योजनाओं में नकद निवेश में किया। हालांकि निप्पॉन इंडिया, एचडीएफसी, क्वांट, कोटक और फ्रैंकलिन टेम्पलटन की नकदी में कमी आई लेकिन 10 अग्रणी फंडों में एसबीआई, एचएसबीसी और डीएसपी ने अपनी नकदी होल्डिंग में बढ़ोतरी दर्ज की।

नकदी के आंकड़े उस नए डिस्क्लोजर का हिस्सा हैं जिसे बाजार नियामक सेबी ने अनिवार्य बनाया है। नियामक ने उच्च मूल्यांकन के बावजूद स्मॉलकैप व मिडकैप फंडों में आ रहे मजबूत निवेश को देखते हुए ऐसे टेस्ट की बात कही थी ताकि निवेशकों के बेहतर तरीके से सूचित रखा जा सके।

स्ट्रेस टेस्ट में परिसंपत्तियों को नकदी में बदलने के लिए जरूरी दिनों की संख्या का आकलन किया जाता है, जो अंतर्निहित स्टॉक के हालिया ट्रेडिंग वॉल्यूम पर आधारित होता है। उद्योग निकाय एम्फी की तरफ से तैयार फॉर्मेट में अन्य विशिष्ट शर्तें मसलन कम से कम 10 फीसदी लिक्विड होल्डिंग हटाने के बाद लिक्विडेशन के लिए प्रो-राटा को आधार बनाए जाने को शामिल किया गया है।

# एक चौथाई बाजार हिस्सेदारी के साथ ग्रो सबसे बड़ी ब्रोकरेज

**खुशबू तिवारी**
मुंबई, 15 अप्रैल

**वित्त** वर्ष 2023-24 में ब्रोकरेज फर्म ग्रो करीब 23.4 फीसदी बाजार हिस्सेदारी और 85 लाख सक्रिय ग्राहक आधार के साथ देश की सबसे बड़ी ब्रोकरेज फर्म बन गई।

मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज ने एनएसई के आंकड़ों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताया है कि डिस्काउंट ब्रोकरों ने वित्त वर्ष 2024 में सक्रिय ग्राहक आधार में 77.5 फीसदी और बाजार हिस्सेदारी में 42 फीसदी की उछाल दर्ज की।


जीरोधा ने हालांकि सक्रिय ग्राहक संख्या में सालाना आधार पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की जो 73 लाख रही। लेकिन उसकी बाजार हिस्सेदारी पहले के 19.6 फीसदी के मुकाबले वित्त वर्ष के आखिर में घटकर 17.9 फीसदी रह गई। इस तरह जीरोधा ग्रो के नीचे खिसक गया।

एनएसई के सक्रिय ग्राहक आधार में पांच अग्रणी डिस्काउंट ब्रोकरों की हिस्सेदारी भी मार्च 2024 में बढ़कर 63.8 फीसदी हो गई। यह मार्च 2023 में 59.9 फीसदी थी। एनएसई में सक्रिय ग्राहकों की संख्या मार्च 2024 में बढ़कर 4.08 करोड़ हो गई जो पिछले साल की इसी अवधि में 3.27 करोड़ थी। इस तरह से ग्राहकों की संख्या में लगातार नौवें महीने बढ़ोतरी दर्ज हुई।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, 5पैसा, अपस्टॉक्स और आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने सक्रिय ग्राहकों की संख्या में क्रमशः 20.9 फीसदी, 15.8 फीसदी, 12.6 फीसदी और 8.7 फीसदी की कमी दर्ज की। सक्रिय ग्राहकों की संख्या में कमी के कारण इन ब्रोकरेज फर्मों ने बाजार हिस्सेदारी में गंवाई।

वित्त वर्ष 24 में डीमैट खातों की कुल संख्या बढ़कर 15.10 करोड़ हो गई। इस तरह हर महीने औसतन 31 लाख खाते जुड़े।

उद्योग के विशेषज्ञों ने कहा कि निवेशकों के बीच बढ़ती जागरुकता, वित्तीय समावेशन, बाजार का मजबूत प्रदर्शन और डिजिटलीकरण में तेज वृद्धि से बाजारों में भागीदारी बढ़ी है।




### डिस्काउंट ब्रोकरों का जलवा

- ग्रो के पास करीब 23.4 फीसदी बाजार हिस्सेदारी और 85 लाख सक्रिय ग्राहकों का आधार
- डिस्काउंट ब्रोकरों ने वित्त वर्ष 2024 में सक्रिय ग्राहक आधार में 77.5 फीसदी और बाजार हिस्सेदारी में 42 फीसदी की उछाल दर्ज की
- जीरोधा ने हालांकि सक्रिय ग्राहक संख्या में सालाना आधार पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की लेकिन उसकी बाजार हिस्सेदारी वित्त वर्ष के आखिर में घटकर 17.9 फीसदी रह गई

**रिटेलरों के लिए चौथी तिमाही**

# कमजोर मांग का रुझान बरकरार रहने के आसार

**शार्लीन डिसूजा**
मुंबई, 15 अप्रैल

**कम** खर्च योग्य आय के साथ साथ पिछले साल की मार्च तिमाही के ऊंचे आधार की वजह से वित्त वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान परिधान क्षेत्र के लिए मांग कमजोर बनी रही। ब्रोकरों का कहना है कि जनवरी और फरवरी में कम शादियों की वजह से मांग में सुस्त बनी रही।

आभूषण कंपनियां मार्च तिमाही में सोने की ऊंची कीमतों की वजह से राजस्व में दमदार वृद्धि दर्ज कर सकती हैं। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा, 'टाइटन ने आभूषण व्यवसाय में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। हमें 13.3 प्रतिशत (सराफा छोड़कर) एबिट मार्जिन का अनुमान है।' ब्रोकरेज ने यह भी कहा है कि टाइटन मध्यावधि में करीब 18 प्रतिशत की वृद्धि बरकरार रखने में सक्षम रहेगी, क्योंकि उसे असंगठित से संगठित क्षेत्र की ओर जाने के रुझान का फायदा मिल रहा है।

ब्रोकरेज ने यह भी कहा है कि परिधान सेगमेंट में उसके कवरेज से जुड़ी रिटेल कंपनियां 21 प्रतिशत की समेकित राजस्व वृद्धि दर्ज कर सकती हैं। ट्रेंट को छोड़कर उसे यह वृद्धि 11 प्रतिशत रहने का अनुमान है। फिलिप कैपिटल ने इस क्षेत्र पर अपनी रिपोर्ट में कहा है, 'मार्च का प्रदर्शन पिछले महीनों के मुकाबले बेहतर रहा क्योंकि उसे त्योहारी मांग से मदद मिली।' जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान छूट भी तुलनात्मक रुप से कम थी।

वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में खपत बढ़ सकती है क्योंकि मझोले और छोटे शहरों के बाजारों में सकारात्मक संकेत दिखे हैं। एमके ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ऊंचे आधार के कारण फैशन, अपैरल और इनरवियर से संबंधित रुझान कमजोर बना हुआ है। उसकी रिपोर्ट में कहा गया है, 'पेज इंडस्ट्रीज/आदित्य बिड़ला फैशन ऐंड रिटेल के लिए एक अंक में वृद्धि का अनुमान है। गोकलर्स द्वारा इससे बेहतर प्रदर्शन किए जाने की संभावना है।'

मोतीलाल ओसवाल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उसे अनुमान है कि पेज इंडस्ट्रीज अपने राजस्व में सालाना आधार पर 9.8 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करेगी। तिमाही के दौरान सकल मार्जिन और एबिटा मार्जिन सालाना आधार पर क्रम से 150 आधार अंक/430 आधार अंक बढ़ने का अनुमान है। आईआईएफएल का मानना है कि ट्रेंट की बिक्री में 51 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जाएगी और उसे खासकर स्टोरों की संख्या बढ़ने तथा जूडियो में प्रति वर्ग फुट बिक्री में सुधार आने से मदद मिल रही है।

उसने यह भी कहा है, 'तिमाही के अंत में, वेस्टसाइड और जूडियो स्टोरों की संख्या 225 और 518 थी, जिससे वित्त वर्ष 2024 में क्रम से 11 और 166 स्टोर जुड़ने का पता चलता है।' ब्रोकरेज ने यह भी कहा है कि वी-मार्ट ने मार्च तिमाही के दौरान 10 स्टोर बंद किए और उसके स्टोरों की कुल संख्या 444 रही। उसका मानना है कि लंबी सर्दी से खुदरा विक्रेता को फायदा होना चाहिए।




### रिटेलरों की मुश्किलें बरकरार

- आभूषण कंपनियां राजस्व में मजबूत वृद्धि दर्ज कर सकती हैं
- मध्यावधि में टाइटन 18 प्रतिशत वृद्धि दिखा सकती है
- परिधान सेगमेंट में रिटेल कंपनियां 21 प्रतिशत तक की समेकित राजस्व वृद्धि दर्ज कर सकती हैं पर ट्रेंट को छोड़कर यह वृद्धि 11 प्रतिशत रहने का अनुमान है
- वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में खपत बढ़ सकती है क्योंकि मझोले और छोटे शहरों के बाजारों में सकारात्मक संकेत दिखे हैं

# ज़ी-सोनी विलय को चुनौती देने वाली याचिका पर 17 मई को एनसीएलएटी में सुनवाई

**बीएस संवाददाता**
नई दिल्ली, 15 अप्रैल



**नैशनल** कंपनी लॉ अपील ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने सोमवार को कहा कि ज़ी-सोनी के विलय को चुनौती देने वाली याचिका पर वह 17 मई को सुनवाई करेगा। ऐक्सिस फाइनैंस और आईडीबीआई ने विलय को एनसीएलएटी में चुनौती दी है। सुनवाई से पहले आईडीबीआई और ऐक्सिस फाइनैंस एनसीएलटी के फैसले का इंतजार करना चाहती हैं। उन्होंने अपील ट्रिब्यूनल से अनुरोध किया है कि एनसीएलटी के मुंबई पीठ में विलय को आगे बढ़ाने वाली ज़ी की याचिका पर फैसले तक इंतजार किया जाना चाहिए।

एनसीएलटी के मुंबई पीठ में दाखिल याचिका लंबित है और इस पर 25 अप्रैल को सुनवाई हो सकती है। आईडीबीआई बैंक की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा है कि एनसीएलटी में ज़ी की याचिका पर होने वाला फैसले का इस पर असर होगा क्योंकि यह विलय का भविष्य तय करेगा। इस बीच, ज़ी के वकील अरुण कठपालिया ने कहा कि एनसीएलएटी का मामला ज़ी-सोनी विलय को मंजूरी के खिलाफ अपील है जबकि एनसीएलटी में विलय के क्रियान्वयन का मामला चल रहा है।

दो साल तक चली बातचीत के बाद सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने जनवरी में विलय करार समाप्त करने के लिए ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड को टर्मिनेशन नोटिस जारी किया था। सोनी समूह के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक ने ज़ी से टर्मिनेशन शुल्क के तौर पर 9 करोड़ डॉलर की मांग भी की है।

इस नोटिस पर टिप्पणी करते हुए ज़ी ने कहा था कि वह शेयरधारकों के हितों की सुरक्षा के लिए हर तरह के कदम उठाएगी।

# भारतीय रियल एस्टेट में पीई सौदों का मूल्य एक तिहाई घटा : एनारॉक

**राघव अग्रवाल**
नई दिल्ली, 15 अप्रैल



**भारतीय** रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) सौदों का कुल मूल्य वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 30 प्रतिशत घटकर 3.6 अरब डॉलर रह गया है। वित्त वर्ष 20 में यह 5.1 अरब डॉलर था। यह वित्त वर्ष 23 के 4.3 अरब डॉलर से 16 प्रतिशत कम है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

एनारॉक कैपिटल की 'फ्लक्स : वित्त वर्ष 24 वार्षिक संस्करण' रिपोर्ट के अनुसार पिछले पांच वर्ष के दौरान वित्त वर्ष 21 में सबसे अधिक मूल्य के पीई सौदे हुए थे जिनकी कीमत 6.3 अरब डॉलर थी। वित्त वर्ष 24 में जितने सौदे हुए उनका 40 फीसदी एक ही सौदे से मिला। यह सौदा ब्रुकफील्ड इंडिया रीट और जीआईसी के बीच हुआ था जो 1.4 अरब डॉलर का था।

एनारॉक कैपिटल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी शोभित अग्रवाल ने कहा कि भारतीय रियल एस्टेट में पीई निवेश में गिरावट का कारण वैश्विक व्यापक आर्थिक कारक और भू-राजनीतिक अस्थिरता रही जिससे विदेशी निवेशकों की गतिविधियां कम रहीं।

उन्होंने कहा 'कुल निवेश में विदेशी पूंजी की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 में घटकर 65 प्रतिशत रह गई जो वित्त वर्ष 20 में 78 प्रतिशत थी। इस तरह वित्त वर्ष 24 में घरेलू निवेशकों का निवेश भारतीय रियल एस्टेट में कुल पूंजी प्रवाह के 29 प्रतिशत तक बढ़ गया है। यह वित्त वर्ष 20 में यह केवल 8 प्रतिशत था।'

पिछले सप्ताह वेस्टियन की एक रिपोर्ट में उसके मुख्य कार्य अधिकारी श्रीनिवास राव ने इस बात पर प्रकाश डाला था कि घरेलू निवेशक भारत की विकास गाथा को लेकर उत्साहित हैं और रियल एस्टेट में निवेश जारी रखे हुए हैं। लेकिन विदेशी निवेशक सतर्क हैं।

# रुनाया को आईपीओ के लिए बैंकर की हरी झंडी का इंतजार

**भाषा**
झारसुगुड़ा (ओडिशा), 15 अप्रैल

**वेदांत** के कार्यकारी वाइस चेयरमैन नवीन अग्रवाल के दो बेटों की धातु रीसाइकलिंग स्टार्टअप रुनाया ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सभी कागजी कार्यवाही पूरी कर ली है और उसे केवल बैंकरों की हरी झंडी का इंतजार है। रुनाया के सह-संस्थापकों में से एक एवं मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) अनन्या अग्रवाल ने कहा, ' कागजी कार्यवाही की बात करें तो हम तैयार हैं। हम पूरी तरह तैयार हैं।' हालांकि, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) योजना को लेकर कंपनी के पास अभी तक कोई समयसीमा या तारीख नहीं है।

अग्रवाल ने कहा, 'हम अपनी कंपनी बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, निष्पादन के दृष्टिकोण से हम तैयार रहने की कोशिश करते हैं। हम तैयार रहना चाहते हैं और हम सबसे अच्छी कंपनी बनाना चाहते हैं और जब हमारे बैंकर हमें बताते हैं कि यह (आईपीओ के लिए) सही समय है, तब हम आगे बढ़ेंगे।'

रुनाया में पहले ही करीब 300 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। कारोबार के विस्तार के लिए अगले 18-20 महीने में अतिरिक्त 700 करोड़ रुपये लगाने की योजना है। उन्होंने कहा, 'इस (700 करोड़ रुपये के निवेश) में हमारे एल्युमीनियम ड्रॉस का विस्तार शामिल होगा। इसमें हमारे जिंक का विस्तार शामिल होगा।''




मुंबई की कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 57,377 टन कचरे की रीसाइकलिंग की और 24,391 टन हरित धातु का उत्पादन किया था। कंपनी को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अपना राजस्व 1,200 करोड़ रुपये और अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 2,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

### दीपक बिल्डर्स ने आईपीओ दस्तावेज जमा कराए

इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी दीपक बिल्डर्स ऐंड इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेज दाखिल कराए हैं। दीपक बिल्डर्स चालू वित्त वर्ष (2024-25) में आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा कराने वाली पहली कंपनी है। दस्तावेजों के अनुसार, निर्गम में 1.2 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक दीपक कुमार सिंघल तथा सुनीता सिंघल 24 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे। फिलहाल शहर स्थित कंपनी में प्रवर्तकों तथा प्रवर्तक समूह की इकाइयों कह 100 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी ने पिछले सप्ताह आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। दस्तावेज के अनुसार, 95 करोड़ रुपये की धनराशि का इस्तेमाल कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए और 30 करोड़ रुपये का उपयोग कर्ज चुकाने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा एक हिस्से का इस्तेमाल सामान्य कंपनी कामकाज के लिए किया जाएगा।

### एस्टर ने प्रति शेयर 118 रुपये के विशेष लाभांश की दी मंजूरी

एस्टर डीएम हेल्थकेयर के निदेशक मंडल ने जीसीसी व्यवसाय की बिक्री से प्राप्त आय में से प्रति शेयर 118 रुपये का विशेष लाभांश देने को मंजूरी दे दी है। कंपनी बयान के अनुसार, शेयरधारकों को विशेष लाभांश का भुगतान 23 अप्रैल 2024 तक किया जाएगा। इतने बड़े लाभांश के बावजूद कंपनी के पास जीसीसी व्यवसाय की बिक्री से मिले 1,500 करोड़ रुपये तब भी बचे रहेंगे। एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने हाल ही में अपने भारत और जीसीसी व्यवसायों को अलग करने का फैसला किया था। इसके बाद कंपनी की पूर्ण सहायक कंपनी एफिनिटी होल्डिंग्स लिमिटेड को 90.76 करोड़ अमेरिकी डॉलर नकद मिले थे।

इजरायल पर ईरान द्वारा ड्रोन और मिसाइल से हमले के दो दिन बाद भारतीय अधिकारी सक्रिय

# मंत्रालयों के बीच बैठकें व बातचीत शुरू

रुचिका चित्रवंशी, शुभायन चक्रवर्ती, श्रेया नंदी और संजीव मुखर्जी
नई दिल्ली, 15 अप्रैल

ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव के असर को समझने और आगे की योजना बनाने के लिए नई दिल्ली में सरकारी अधिकारियों ने विभिन्न हिस्सेदारों से बातचीत शुरू कर दी है। इनमें शिपिंग और कंटेनर कंपनियों से लेकर निर्यात संवर्धन परिषद शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि पश्चिम एशिया में संकट की स्थिति को देखते हुए मंत्रालयों के बीच बातचीत भी चल रही है।

अधिकारियों के मुताबिक कच्चे तेल की आवक पर अभी सीधा कोई खतरा नहीं है, लेकिन तेल की कीमतों में वृद्धि को लेकर चिंता बनी हुई है। सोमवार को वाणिज्य सचिव सुनील बड़थ्वाल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार स्थिति की निगरानी कर रही है, वह इस सिलसिले में उपचारात्मक कदम उठाएगी और उचित कार्रवाई करेगी। बड़थ्वाल ने कहा, 'जब भी इस तरह का टकराव पैदा होता है, हम व्यापार की निगरानी और हिस्सेदारों से परामर्श शुरू कर देते हैं। नीतिगत हस्तक्षेप तब शुरू होगा, जब हम समझ लेंगे कि व्यापारियों को किस तरह की समस्याएं हो रही हैं।' उन्होंने कहा कि सरकार पिछले 2 साल से ज्यादा समय से क्षेत्रीय टकरावों से निपट रही है और विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात में विविधता लाने की रणनीति तैयार की गई है। इजरायल पर ईरान द्वारा ड्रोन और मिसाइल से हमले के दो दिन बाद वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और इस मसले पर संबंधित मंत्रालयों के संपर्क में बने हुए हैं।



पश्चिम एशिया में तनाव के बीच दक्षिणी इजरायल में सोमवार को इजरायल-गाजा सीमा पर ड्रोन को उड़ाते इजरायली सैनिक फोटो-पीटीआई

नई दिल्ली स्थित थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि लाल सागर में जहाजों की आवाजाही बाधित होने के कारण भारत के व्यापार की समस्या जटिल हो सकती है क्योंकि ईरान और इजरायल में नया टकराव शुरू हो गया है।

ईरान और इजरायल के बीच युद्ध के कारण तेल की आवक पर सीधा असर पड़ने की आशंका नहीं है, लेकिन सरकार तेल की वैश्विक कीमतों पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंतित है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, 'हमने हमेशा यह ध्यान रखा है कि कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने पर कठिन स्थिति पैदा हो सकती है। इस स्तर तक पहुंचने से पहले अभी पर्याप्त बफर है। पश्चिम एशिया में लगातार चल रहे संकट के असर के कारण तेल की कीमत हमारी अपेक्षा से कहीं लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती है, जैसा कि हमने पहले अनुमान लगाया था।'

जीटीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस टकराव का संभवतः भारत में पेट्रोलियम की कीमत पर असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस टकराव के कारण पश्चिम एशिया में स्थिति बहुत अस्थिर बन गई है। इससे भारत मध्य-पूर्व गलियारा (आईएमईसी) जैसी परियोजनाओं पर असर पड़ सकता है। यह व्यापार गलियारा लंबे समय से कागजों में पड़ा है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि समुद्री मार्ग की सुरक्षा में वृद्धि के कारण लाल सागर के शिपिंग मार्ग प्रभावित हो सकते हैं और इससे भारत का इजरायल और ईरान के साथ कारोबार प्रभावित हो सकता है।

उदाहरण के लिए चावल निर्यातक बहुत चिंतित हैं। सूत्रों ने कहा कि टकराव को देखते हुए लाल सागर से आवाजाही के मसले व अन्य चुनौतियों को लेकर उन्होंने बैठक की है।

तेल मंत्रालय के एक और अधिकारी ने कहा, 'चुनौती यह है कि पड़ोसी देश कई शिपिंग मार्ग संचालित कर रहा है। कच्चे तेल की ढुलाई की दर पहले से ही बढ़ी हुई है। अगर ढुलाई की दर आने वाले समय में और बढ़ती है तो तेल विपणन कंपनियों द्वारा खरीद पर नकारात्मक असर पड़ेगा। हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।'

साल 2023 में वस्तु निर्यात सहित भारत से ईरान को निर्यात 1.7 अरब डॉलर रहा है, जबकि आयात 67.2 करोड़ डॉलर रहा है। भारत से ईरान को भेजी जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में चावल (1.03 अरब डॉलर) और कार्बनिक रसायन (11.3 करोड़ डॉलर) शामिल हैं।

यूक्रेन और गाजा में युद्ध और ईरान समर्थित हूती चरमपंथियों की धमकियों के कारण लाल सागर और अदन की खाड़ी में तनाव बढ़ा है और इसकी वजह से तेल के कारोबार पर असर पड़ा है।

बहरहाल अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में नए तनाव से भारत के आयात चैनल पर सीधा कोई असर पड़ने की आशंका नहीं है क्योंकि भारत भुगतान की कठिनाइयों के चलते ईरान से तेल नहीं खरीदता है।

साल 2018-19 तक ईरान, भारत का तीसरा बड़ा तेल स्रोत था, जब आयात बढ़कर 12.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक साल से ज्यादा समय तक रूस से कच्चा तेल खरीदने के बाद भारत एक बार फिर पश्चिम एशिया के अपने परंपरागत आपूर्तिकर्ताओं से संबंध बढ़ाने पर विचार कर रहा है। इन देशों से आने वाला कच्चा तेल फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और ईरान के जल क्षेत्र से आता है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया लुढ़का

अंजलि कुमारी
मुंबई, 15 अप्रैल

**पश्चिम** एशिया में तनाव बढ़ने से एशिया की मुद्राओं पर दबाव बढ़ा है। सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.45 के निचले स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले रुपया 4 अप्रैल को इस स्तर पर पहुंचा था। यह 10 नवंबर 2023 को 83.48 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर पर भी पहुंचा था।

रुपये का कारोबार पूरे दिन तक सीमित दायरे में हुआ क्योंकि डॉलर इंडेक्स दिन की शुरुआत में 105.96 से गिरकर 105.90 पर आ गया। डॉलर सूचकांक से 6 प्रमुख मुद्राओं के बॉस्केट में डॉलर की ताकत का पता चलता है।

एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी ऐंड करेंसी के वीपी रिसर्च एनॉलिस्ट जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'वैश्विक उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय रुपये ने स्थिरता दिखाई और इसका कारोबार 83.42 से 83.46 रुपये प्रति डॉलर के सीमित दायरे में हुआ। इसने उतार-चढ़ाव की संभावनाओं को खारिज कर दिया। अमेरिकी डॉलर स्थिर रहा और कच्चे तेल की कमजोरी ने लाभ कम कर दिया। ईरान-इजराइल के संघर्ष से बाजार की धारणा प्रभावित हुई है।'

एशिया की अन्य मुद्राओं की तुलना में सोमवार को रुपये का प्रदर्शन बेहतर रहा। डॉलर के मुकाबले कुछ एशियाई मुद्राओं की कीमत 0.2 फीसदी से 0.4 फीसदी तक गिरी, वहीं 4 पैसे की मामूली गिरावट के साथ रुपया तुलनात्मक रूप से स्थिर रहा। चालू कैलेंडर वर्ष में बांग्लादेश के टका और हॉन्ग कॉन्ग के डॉलर के बाद रुपया सबसे स्थिर मुद्रा रहा है। कैलेंडर वर्ष में अब तक रुपये में 0.3 फीसदी गिरावट आई है, जकि बांग्लादेश का टका और हॉन्ग कॉन्ग का डॉलर क्रमशः 0.1 फीसदी और 0.2 फीसदी गिरा है।

उतार-चढ़ाव को सीमित करने के लिए रिजर्व बैंक संभवतः विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री करके हस्तक्षेप कर सकता है।

कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड में वीपी- करेंसी डेरिवेटिव्स ऐंड इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स अनिंद्य बनर्जी ने कहा, 'आज (सोमवार को) बाजार में रिजर्व बैंक मौजूद था। मात्रा कम रही, जिसे देखते हुए हस्तक्षेप बड़े स्तर का नहीं था। उन्होंने संभवतः 50 करोड़ डॉलर के करीब बिक्री की।' पिछले कुछ सत्र से रुपये में गिरावट आ रही है, क्योंकि यूरोपियन सेंट्रल बैंक द्वारा जून में दर में कटौती की उम्मीद के कारण अमेरिका का यील्ड बढ़ रहा है, जबकि अमेरिका में दर में कटौती की संभावना कम हो गई है।

## सत्र में चीनी निर्यात की अनुमति देने से इनकार

**सरकार** ने अक्टूबर में समाप्त होने वाले मौजूदा 2023-24 सीज़न में चीनी निर्यात की अनुमति देने की संभावना से सोमवार को इनकार कर दिया। वर्तमान में चीनी के निर्यात पर अनिश्चित समय तक के लिए प्रतिबंध लगा हुआ है।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने सरकार से 2023-24 सीज़न में 10 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का अनुरोध किया है। उसे सीज़न के अंत तक पर्याप्त भंडार होने की उम्मीद है। खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, '' फिलहाल, सरकार चीनी निर्यात पर विचार नहीं कर रही है, हालांकि उद्योग ने इसका अनुरोध किया है।' देश का चीनी उत्पादन चालू 2023-24 सीज़न में मार्च तक तीन करोड़ टन को पार कर गया था। इस्मा ने 2023-24 सीज़न के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन अनुमान को संशोधित कर 3.2 करोड़ टन कर दिया है। सरकार ने चीनी उत्पादन 3.15-3.20 करोड़ टन होने का अनुमान लगाया है। इस बीच, सरकार चीनी मिलों को इस साल इथेनॉल उत्पादन के लिए बी-हैवी श्रेणी के शीरा के अतिरिक्त भंडारण का इस्तेमाल करने की अनुमति देने पर विचार कर रही है। *भाषा*

## बताए गए शुल्क के अलावा शुल्क नहीं ले सकते बैंक

अंजलि कुमारी
मुंबई, 15 अप्रैल

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि कर्ज की पूरी अवधि के दौरान बैंक व नियमन के दायरे में आने वाली इकाइयां, कर्ज लेने वाले की सहमति के बगैर ऋण देते समय दी गई जानकारी से इतर शुल्क नहीं ले सकती हैं।

अधिसूचना में कहा गया है कि एक अक्टूबर या इसके बाद जारी सभी नए रिटेल और एमएसएमई सावधि ऋण, जिसमें मौजूदा ग्राहकों को दिए गए नए ऋण भी शामिल हैं, को बगैर किसी अपवाद के के केएफएस दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।

नियामक ने कहा है, 'ऋण की पूरी अवधि के दौरान उधार लेने वाले की स्पष्ट सहमति के बगैर आरई ऐसा कोई शुल्क, अधिभार आदि नहीं ले सकते हैं, जिसका उल्लेख केएफएस में नहीं किया गया है।'

अधिसूचना में आगे कहा गया है, 'आरई को इन दिशानिर्देशों को जल्द से जल्द लागू करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करनी होगी। किसी भी स्थिति में 1 अक्टूबर 2024 को या उसके बाद मंजूर किए गए सभी नए खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण, जिसमें मौजूदा ग्राहकों को दिए गए नए कर्ज भी शामिल हैं, बिना किसी अपवाद के उपरोक्त दिशानिर्देशों का शब्दशः पालन करेंगे।'

अन्य चीजों के साथ केएफएस में सालाना प्रतिशत दर (एपीआर) शामिल होगी।

## मार्च में थोक महंगाई बढ़कर 0.53 प्रतिशत पर

शिवा राजौरा
नई दिल्ली, 15 अप्रैल

**मार्च** महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर मामूली बढ़कर 3 महीने के उच्च स्तर 0.53 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह फरवरी में 0.2 प्रतिशत थी। इस तरह से मुद्रास्फीति लगातार 5 महीने से धनात्मक क्षेत्र में बनी हुई है। इसके पहले वित्त वर्ष 2024 के ज्यादातर महीनों में अवस्फीति की स्थिति थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक मार्च महीने में फैक्टरी से निकलने वाले माल की महंगाई दर में तेजी मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित अन्य की कीमत में बढ़ोतरी के कारण आई है।

कुल मिलाकर वित्त वर्ष 2024 में थोक मुद्रास्फीति -0.7 प्रतिशत रही है, जो वित्त वर्ष 2023 में 9.6 प्रतिशत थी। इसमें खाद्य महंगाई 3.2 प्रतिशत रही, जो पहले के वित्त वर्ष के 6.4 प्रतिशत से कम है। वहीं ईंधन (-4.4 प्रतिशत) और विनिर्मित उत्पादों (-1.7 प्रतिशत) की कीमत वित्त वर्ष 2024 के दौरान संकुचित हुई, जो पिछले साल क्रमशः 29.4 प्रतिशत और 5.7 प्रतिशत थी।

खाद्य वस्तुओं की थोक कीमत में तेजी मुख्य रूप से प्याज (56.9 प्रतिशत), आलू (52.9 प्रतिशत) की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण आई है। साथ ही धान (11.7 प्रतिशत), मोटे अनाज (9.04 प्रतिशत) और गेहूं (7.43 प्रतिशत) की कीमत में वृद्धि का भी असर पड़ा। वहीं दालों (17.2 प्रतिशत), सब्जियों (19.52 प्रतिशत) और दूध (4.73 प्रतिशत) की कीमत में इस माह के दौरान कमी आई है। हालांकि फलों (-2.95 प्रतिशत) और प्रोटीन वाली खाद्य सामग्रियों जैसे अंडे, मांस व मछली (-1.86 प्रतिशत) ने कुछ राहत दी है और



माह के दौरान इसकी कीमत में पिछले माह की तुलना में कमी आई है। सूचकांक में 64.2 प्रतिशत अधिभार वाली विनिर्मित वस्तुओं के दाम में लगातार तेरहवें महीने मार्च में भी अवस्फीति (-0.85 प्रतिशत) बनी रही। इसमें टेक्सटाइल (-1.68 प्रतिशत), कागज (-5.71 प्रतिशत), रसायन (-4.64 प्रतिशत), धातुओं (-5.34 प्रतिशत) और फर्बिश्ड स्टील (-7.22 प्रतिशत) व अन्य की कीमतों में गिरावट ने अहम भूमिका निभाई।

ईंधन की कीमत में संकुचन (-0.77 प्रतिशत) लगातार 11वें महीने जारी रही। इसमें हाई स्पीड डीजल (-3.51 प्रतिशत), रसोई गैस (-10.19 प्रतिशत) और पेट्रोल (-0.94 प्रतिशत) ने इस माह के दौरान अहम भूमिका निभाई है। केयर रेटिंग्स में मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा कि थोक खाद्य महंगाई में तेजी और अनुकूल आधार का असर कम होने के कारण यहअनुमान है कि आने वाले महीनों में थोक मुद्रास्फीति बढ़ेगी।

उन्होंने कहा, 'जिंसों के वैश्विक दाम में हाल में हुई बढ़ोतरी, खासकर ब्रेंट क्रूड की उच्च कीमतों के कारण औद्योगिक धातुओं की कीमत बढ़ी है। इससे डब्ल्यूपीआई पर ऊपर जाने का दबाव बढ़ेगा। बहरहाल सामान्य मॉनसून और अल नीनो का असर खत्म होने, रबी की फसल की बोआई बेहतर होने के कारण कृषि उत्पादन का सकारात्मक परिदृश्य है, जिससे खाद्य महंगाई कम होगी।

# आईटी क्षेत्र में गिरावट से फ्लेक्सी रोजगार हुआ सुस्त

शिवा राजौरा
नई दिल्ली, 15 अप्रैल

**वित्त** वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में फ्लेक्सी स्टॉफिंग उद्योग में नया रोजगार सृजन गिरकर 3.8 प्रतिशत (तिमाही आधार पर) हो गया जबकि इसकी पिछली तिमाही में यह दर 6 प्रतिशत थी। इंडियन स्टॉफिंग फेडरेशन (आईएसएफ) ने सोमवार को जारी फ्लेक्सी स्टॉफिंग उद्योग की तिमाही रिपोर्ट में कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में रोजगार घटने के कारण फ्लेक्सी स्टॉफिंग में गिरावट आई।

### आईएसएफ की रिपोर्ट

- आईटी क्षेत्र की स्टॉफिंग में 2023-24 की तीसरी तिमाही में 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई जबकि इसमें दूसरी तिमाही यह दर 1.5 प्रतिशत थी
- आईएसएफ के अध्यक्ष लोहित भाटिया ने बताया कि आईटी और आईटीईएस उद्योग में विशेषतौर पर आईटी सेवाओं में सुस्त नियुक्तियां हुईं



शीर्षक रिपोर्ट 'फ्लेक्सी स्टॉफिंग इंडस्ट्री स्टॉफिंग' में विभिन्न क्षेत्रों में चुनिंदा कार्यों के लिए अल्पावधि की नौकरी पर रखने के रुझान की समीक्षा की गई। आईएसएफ प्रमुख क्षेत्रों की औपचारिक स्टॉफिंग कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। इन क्षेत्रों में ई-कॉमर्स, रिटेल, तेजी से बढ़ने वाले उपभोक्ता सामान, लॉजिस्टिक्स, विनिर्माण, आतिथ्य, पर्यटन, विमानन और ऊर्जा शामिल हैं।

आईटी क्षेत्र की स्टॉफिंग में 2023-24 की तीसरी तिमाही में 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई जबकि इसमें दूसरी तिमाही यह दर 1.5 प्रतिशत थी। आईएसएफ के अध्यक्ष लोहित भाटिया ने बताया कि हाल के समय में आईटी और आईटीईएस उद्योग में विशेषतौर पर आईटी सेवाओं के क्षेत्र में सुस्त नियुक्तियां हुईं।

उन्होंने कहा, 'जीसीसी और गैर आईटी कंपनियों का आईटी विभाग नए श्रमबल को जोड़ रहा है और इसमें आईएसएफ कंपनियों की स्टॉफिंग भी शामिल है। ऐसा लगता है कि इन सेवाओं में इतना विस्तार नहीं हुआ कि वे आईटी सेवाओं में आई गिरावट की भरपाई कर पाते। लिहाजा इस तिमाही में स्टॉफिंग रोजगार के शुद्ध इजाफे में गिरावट नजर आई। दरअसल, आईटी सेवाएं अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं, भूराजनीतिक प्रभाव और ग्राहकों व आईटी सेवाओं के मार्जिन दबाव के कारण प्रभावित हुई हैं।'

दूसरी तरफ अन्य क्षेत्रों में स्टॉफिंग दूसरी तिमाही के 3.8 (तिमाही आधार पर) प्रतिशत से बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई। दरअसल, अन्य क्षेत्रों में ई-कॉमर्स, खुदरा, लॉजिस्टिक्स, विनिर्माण, एफएमसीजी, आतिथ्य, पर्यटन व विमानन आदि के रोजगार में इजाफा हुआ।

आईएसएफ के 100 से अधिक सदस्य हैं। ये सदस्य फ्लेक्सी स्टॉफिंग कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। आईएसएफ मान्यता प्राप्त रोजगार के लिए प्लेटफॉर्म मुहैया कराता है। इससे अस्थायी श्रम बल को काम करने की पसंद और सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलता है। भारत के कुल श्रम बल में अस्थायी श्रमबल खासी हिस्सेदारी निभाता है।

## वित्त वर्ष 2024 में 3 फीसदी घटा निर्यात

पृष्ठ 1 का शेष...

**जनवरी** के लिए सेवा व्यापार का आंकड़ा अनुमानित है, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक बाद में संशोधन करेगा।

वित्त वर्ष 2024 में देश से वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात महज 0.04 फीसदी बढ़कर 776.68 अरब डॉलर रहा। सबनवीस ने कहा, 'वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार आने पर वित्त वर्ष 2025 में हमें वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में तेजी की उम्मीद है। देश में मांग बढ़ने से आयात भी बढ़ सकता है। जिंसों के अंतरराष्ट्रीय दाम स्थिर हैं मगर भू-राजनीतिक संघर्ष बढ़ने से जोखिम बना हुआ है।' निर्यातकों के संगठन फियो के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने कहा कि पश्चिम एशिया में हालिया तनाव, खास तौर पर लाल सागर में जहाजों की आवाजाही का जोखिम बना हुआ है, जिससे निर्यातक चिंतित हैं। इसकी वजह से मालभाड़े के साथ बीमा भी महंगा हो गया है।

## बीएस सूडोकू 4948

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | |
| 5 | 9 | | | 1 | | | | |
| | | | 2 | | 5 | | | 3 |
| | 1 | | | 3 | | 6 | | |
| 9 | | | 8 | | | | | |
| | 7 | | | | 1 | 9 | | |
| | | | 4 | | 2 | | 7 | |
| | 6 | 1 | | | | 2 | | |
| | | 3 | | | | 4 | | |

परिणाम संख्या 4947

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 6 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 9 | 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 |

कैसे खेलें? बहुत आसान ★☆☆☆☆

हर रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में 1 से लेकर 9 तक की संख्या भरें।

## क्षेत्रीय मंडियों के भाव | दिल्ली | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब

**दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 300 रुपये की तेजी के साथ 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। इससे पहले के कारोबारी सत्र में सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। चांदी भी 500 रुपये के उछाल के साथ 85,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 85,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,355 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 12 डॉलर अधिक है। चांदी भी तेजी के साथ 28.25 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। पिछले सत्र में चांदी 27.84 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

**लखनऊ**
गेहूं दड़ा 2390/2400, गेहूं शरबती 3400/3500, चावल शरबती सेला 4400/4600, स्टीम 5000/5100, लालमती 5200/5300, चावल (सोना) 4700/4800, दाल अरहर सवा नं. 14700/15000, पटका 15500/16000, रिजैक्शन 12500/13200, चना दाल 7650/7800, चना देशी छना 7550/7750, चना चापा छना 7650/7850, एग्रो प्योर बेसन 2950, मटर देशी 5400/5600, उड़द साबुत (काला) 12000/12500, दाल उड़द (काली) 11500/13000, उड़द धोया 11000/12800, मसूर छोटी 6200/6300, मलका 7500/7700, किरानाः जीरा 27500/34500, लालमिर्च गुंटूर 24000/28800, हल्दी निजाम फली (50 किलो) 7800/8200, धनिया एमपी 8100/12200, छोटी इलायची (किलो) 1700/2450, बड़ी इलायची 1580/1590, कालीमिर्च (किलो) 620/670, सुपारी (किलो) 470/520, सौंफ मोटी 22000/22800,

**कानपुर**
गेहूं 2325/2350, जौ 2000/2025, चावल मसूरी 3200/3300, चावल मोटा 3100/3300, देशी चना 6450/6500, चना छना 7400/7600, दाल चना 7500/7800, देशी मटर 5000/5050, पिचकी 3800/ 3850, मटर दाल 5500/5600, अरहर लेमन 11550/ 11600, दाल अरहर 15500 /16700, स्पेशल 14800 /15000,उड़द एसक्यू 10300/10325, एफएक्यू 9850/9900, राजमा चित्रा 9500/13000, मूंग 8300 /8600, मसूर छोटी 6375/6475, छांटी 7300/7400, सरसों 4900/5000, तिल सफेद 14800 /15000, सोया (टीन) 1650/1750, तेल सरसों कच्ची घानी वैट पेड (टीन) 1850/2050, सरसों खल 2750/2800, पामोलिन 1725/1750, वनस्पति घी (यूपी एफओआर) 1625/1725, मधुसूदन देशी घी 7400, वासुदेव 6900, परम प्रीमियम 7400, पदम श्री 7350, लीलाधर 7350, अलसी 5700/5800, धनियाः लोकल 8100/8300,

**चंदौसी**
(प्रति किलो): मैन्था ऑयल 1022, बोल्ड क्रिस्टल (12 नं.)1168, फ्लैक 1120, सिंथेटिक फ्लैक 1090, डीएमओ 890, टरपीन लैस बोल्ड 1083

**मुजफ्फरनगर**
गुड़ (40 किलो): लड्डू 1440/1515, खुरपा 1350/1380,चाकू 1380/1470, रसकट 1220/1250, शक्कर 1520 /1550, चौरसा &, चीनी मिल डिली. (क्विं.) (जीएसटी अतिरिक्त): खतौली 3870, टिकोला 3830, देवबंद 3870, थाना भवन 3810, सिम्भावली 3860,

**जयपुर**
दाल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंग मोगर 9500/9700, मोटा 10000/10500, उड़द मोगर 10500/11000, मोटा 11000/11500, चौला मोगर 7500/7600, मोठ मोगर 7900/8000, मूंग दाल छिलका देशी 9000/9200, मलका 6900/7000, अरहर 14800/16000, मटर दाल 5700/5800, चना दाल मीडियम 7000/7100, बोल्ड 7100/7200, दलहनः उड़द साबुत देशी 9400/9500, मटर सफेद 5400/5500, मोठ साबुत 6200/6300, काबली चना 8000/ 11500, चना (डिली.) 6100 /6150, मूंग 7500/7600, राजमा शर्मिली 11000/12000, राजमां चित्रा 10000 /11000, किरानाः हल्दी निजामाबाद 16000/17000, सांगली 17000/19500, हल्दी राजापुरी 21000/26000, लालमिर्च 13000/25000, कालीमिर्च (किलो) 615/700, धनिया 8500/12000, जीरा 25000/32500, अजवायन 19000 /29000, सौंफ 14000/30000, मेथी 6200/6300, मेथी मशीन क्लीन 7000/7100, इमली 3700/3800, गोला टिपटूर 11000/13000,

**खन्ना**
जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)135, राइसब्रान (अखाद्य) 130, खल सरसों 2550, डीओसीः राइसब्रान बैच सफेद 1250, लाल &, कंटीन्यूअस 1250, सरसों (टन) 22500, सूरजमुखी (टन) 23000, अनाजः गेहूं 2400/2450, आटा (50 किलो)1360, मैदा 1460, चोकर (45 किग्रा) 1080, चोकर (30 किग्रा) 700, मक्की बिहार नई 2380/2480 **एनएनएस**

**डिस्क्लेमर..** बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉरपोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै. बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. का सर्वाधिकार सुरक्षित है बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस प्रकार का निषिद्ध कार्य किए जाने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरू की जाएगी।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 17 अंक 51

# निरंतरता का संकेत

भारतीय जनता पार्टी ने लोक सभा चुनाव 2024 के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र या संकल्पपत्र जारी किया। इसमें इस बात को रेखांकित किया गया है कि पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने क्या हासिल किया है और यदि वह तीसरे कार्यकाल के लिए भी निर्वाचित होती है तो किस तरह से देश को आगे लेकर जाएगी। आर्थिक लिहाज से देखें तो यह घोषणापत्र कुछ महत्त्वपूर्ण सुधारों के साथ निरंतरता या उपलब्धियों की बुनियाद पर निर्माण का संकेत देता है। पिछले 10 साल में नरेंद्र मोदी सरकार की सबसे अहम उपलब्धियों में से एक यह रही, जिसकी शायद पर्याप्त सराहना नहीं की गई है, कि उसने व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दिया है। साल 2014 में वृहद आर्थिक परिदृश्य-जब साल 2013 में मुद्रा संकट जैसी स्थिति बन गई थी-आज से काफी अलग था। आज भारत के पास बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है और पिछले एक दशक में अब बैंकिंग प्रणाली सबसे अच्छी स्थिति में है। महामारी के दौरान भारत की संयमित राजकोषीय प्रतिक्रिया और कानूनी रूप से तय महंगाई के लक्ष्य के प्रति केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में मदद की है। इस तरह भाजपा ने वृहद आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराकर अच्छा कदम उठाया है जो कि वृद्धि और विकास के लिए जरूरी है।

दो अन्य जो महत्त्वपूर्ण वादे किए गए हैं, वे हैं- सांख्यिकीय संस्थानों को मजबूत करना और पंचायती राज संस्थाओं में राजकोषीय स्वायत्तता को बढ़ावा देना। इन दोनों प्रतिबद्धताओं से शासन को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। भारत जैसे तेजी से बढ़ते देश में नीतिगत फैसलों के लिए यह जरूरी है कि आंकड़े समय से मिल जाएं। वैसे तो भारत के पास एक मजबूत सांख्यिकीय व्यवस्था है, लेकिन अर्थव्यवस्था की मांगों की बदलती प्रकृति के साथ तालमेल बनाने के लिए इसमें व्यापक बदलाव करना होगा। उदाहरण के लिए राष्ट्रीय लेखा के आंकड़े काफी देर से मिलते हैं और इसमें कई बार बड़े संशोधन हो जाते हैं। इससे नीति निर्माण प्रभावित होता है और कारोबार के लिए फैसले लेने में ज्यादा कठिनाई होती है। सांख्यिकीय प्रणाली में सुधार का एक अहम पहलू यह सुनिश्चित करना है कि इस क्षेत्र में कार्यरत संस्थानों को स्वतंत्र और भरोसेमंद बनाया जाए। समय से आंकड़े मिलने लगें तो फैसले करने की प्रक्रिया में सुधार होगा और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, भारतीय शासन प्रणाली की एक वाजिब आलोचना यह होती है कि यहां सत्ता का पर्याप्त विकेंद्रीकरण नहीं हुआ है। इसका नतीजा यह है कि सरकार के तीसरे स्तर यानी स्थानीय निकाय, जो कि नागरिकों को कई तरह की सेवाओं की आपूर्ति बेहतर तरीके से कर सकते हैं, पर्याप्त रूप से सशक्त नहीं हैं।

इस संबंध में, भाजपा के इस वादे का स्वागत करना चाहिए कि वह पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ावा देगी, हालांकि यह कैसे होगा यह देखना अहम होगा। पिछले वर्षों में देखें तो कुछ संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के अलावा कुछ खास नहीं किया गया है। जैसा कि इस क्षेत्र के लिए पहले भी यह बात सामने आ चुकी है, अनुदान सहित हर पंचायत का औसत राजस्व साल 2022-23 में महज 21.23 लाख रुपये था। स्थानीय निकायों को वित्तीय रूप से स्वायत्त और बेहतर बनाने के लिए यह जरूरी है कि उन्हें संसाधन जुटाने में सक्षम बनाया जाए और उनके कोष का पूर्वानुमानित हस्तांतरण हो सके। एक संभावित तरीका यह हो सकता है, जिसके लिए कानूनी बदलाव करना होगा, कि उनको सीधे वित्त आयोग के जरिये संसाधनों का आवंटन किया जाए। वस्तु एवं सेवा कर संग्रह से हासिल राजस्व का एक हिस्सा उन्हें देना भी एक विकल्प हो सकता है। भाजपा के अन्य वादों की बात करें, तो उसने कहा है कि सत्ता में वापस आने पर वह निवेश और बुनियादी ढांचा निर्माण पर जोर देना जारी रखेगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार का सृजन होगा। भाजपा का इरादा विनिर्माण क्षेत्र में भी कई पहल करने का है जिससे नौकरियों का सृजन हो। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो व्यापार नीति की समीक्षा करना उपयोगी हो सकता है। निर्यात में सतत तरीके से वृद्धि, आर्थिक विकास और नौकरियों के सृजन, दोनों लिहाज से एक बड़ा वाहक साबित हो सकता है। आर्थिक तर्क के साथ एक बड़ा राजनीतिक वादा 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का है। वैसे तो यह विचार नीतिगत अनिश्चितता को कम करने का वादा करता है, लेकिन उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा सुझाए गए आगे के रास्ते पर बड़े पैमाने पर चर्चा होनी चाहिए।

बिनय सिन्हा



# नब्बे वर्ष के केंद्रीय बैंक का सराहनीय प्रदर्शन

**जब केंद्रीय बैंक अच्छा प्रदर्शन करता है, जब वह सरकार समेत सभी अंशधारकों की सहमति से काम करता है, तो राजनीतिक सत्ता भी उसे उसका काम करने देना चाहती है। बता रहे हैं टी टी राम मोहन**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 90 वर्ष की अवस्था में भी न केवल सुस्थिर बल्कि चपल और फुर्तीला नजर आ रहा है। ऐसे में उसे इस अवसर पर प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री से उचित ही सराहना मिली। आर्थिक उदारीकरण की पूरी प्रक्रिया के दौरान उसका प्रदर्शन शानदार रहा है। बीते चार-पांच वर्षों में उसका प्रदर्शन खासा उल्लेखनीय है क्योंकि इस दौरान उसके समक्ष कई तरह की चुनौतियां आईं।

2020 में कोविड-19 संकट हमारे सामने आया। उस समय बैंकिंग व्यवस्था पहले ही फंसे हुए कर्ज से जूझ रही थी। 2019-20 में कुल कर्ज में इसकी हिस्सेदारी 8.5 फीसदी हो गई थी। फरवरी 2022 में शुरू हुए यूक्रेन संघर्ष ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को अनिश्चित बनाया है। दो दशकों में वैश्विक वृद्धि अपने निचले स्तर पर गिर गई।

इस तनावपूर्ण समय में रिजर्व बैंक ने सभी क्षेत्रों में विश्वसनीय ढंग से काम किया। इसमें मौद्रिक नीति, विदेशी मुद्रा प्रबंधन और वित्तीय स्थिरता जैसे क्षेत्र शामिल हैं। वित्तीय स्थिरता के प्रबंधन को सबसे बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है। किसी ने नहीं सोचा होगा कि 2020 के महामारी संकट के बाद केवल साढ़े तीन साल में फंसा कर्ज 3.2 फीसदी पर आ जाना मामूली उपलब्धि नहीं है। समय के साथ वित्तीय स्थिरता में योगदान देने वाली कई नीतियां उभरीं। कुछ नीतियां महामारी से निपटने के क्रम में उबरीं। दोनों तरह की नीतियों पर नजर डालना उपयोगी है।

समय के साथ उभरी नीतियों में पहली है नियमन और निगरानी का एकीकृत तरीका। हाल के वर्षों में रिजर्व बैंक ने बैंकों, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों यानी एनबीएफसी और शहरी सहकारी बैंकों (यूबीसी) के एकीकृत नियमन की दिशा में पहल की है। इससे नियामक को इन कारोबारों के परस्पर संबंध को समझने और कमजोरियों को तत्काल भांपने में मदद मिलती है। दूसरा, रिजर्व बैंक ने हल्के विनियमन से परहेज किया है। वह इस बात में यकीन नहीं करता है कि जोखिम प्रबंधन का काम पूरी तरह बैंकों के बोर्ड और प्रबंधन पर छोड़ा जा सकता है। उसने जरूरत पड़ने पर विस्तृत पहल भी की है।

उदाहरण के लिए बैंकों के लिए लार्ज एक्सपोजर फ्रेमवर्क। तीसरा, रिजर्व बैंक ने बैंक पूंजी के मामले में नियामकीय कर्व से आगे रहने का चयन किया। बेसल मानक जहां 8 फीसदी न्यूनतम पूंजी की बात कहते हैं, वहीं रिजर्व बैंक ने 9 फीसदी की जरूरत बतायी है। समझ यही है कि बैंकिंग में अधिक पूंजी का होना बेहतर है। चौथा, रिजर्व बैंक ने एनबीएफसी का नियमन सख्त किया है। उसका मानना है बड़ी और महत्त्वपूर्ण एनबीएफसी को बैंकों में बदला जाना चाहिए और उन्हें सख्त नियमन के दायरे में लाया जाना चाहिए जो बैंकों पर लागू हैं। पांचवां, रिजर्व बैंक अन्य केंद्रीय बैंकों के उलट लंबे समय से विविध संकेतकों वाले रुख का इस्तेमाल कर रहा है। वह मूल्य स्थिरता, आर्थिक वृद्धि, वित्तीय स्थिरता और वित्तीय समावेशन पर ध्यान देता है। ये संकेतक परस्पर गति देते हैं। सभी संकेतकों पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर नतीजे हासिल करने में मदद मिलती है। छठा, बैंकों में निजी और विदेशी स्वामित्व को लेकर एक खाका है जहां किसी भारतीय में एक कंपनी या संस्था के स्वामित्व की सीमा बताई गई है। विदेशी बैंकों के लिए भी नीति है जहां अनुषंगी मार्ग से आने पर उनके साथ भारतीय बैंकों जैसा व्यवहार किया जाएगा। केंद्रीय बैंक ने महामारी के दौरान भी अनेक रचनात्मक प्रतिक्रियाएं दीं। इनमें से तीन का उल्लेख जरूरी है।

पहला कदम था कर्ज भुगतान पर छह महीने का स्थगन। विश्लेषकों का मानना था कि सभी इसका लाभ लेना चाहेंगे लेकिन केवल 40 फीसदी बकाया कर्ज के लिए यह सुविधा ली गई। जिन लोगों के पास नकदी की दिक्कत नहीं थी उन्होंने समय पर ऋण चुकाना सही समझा।

दूसरा, कॉर्पोरेट और पर्सनल लोन के पुनर्गठन की योजना पेश की गई। विश्लेषकों ने चेतावनी दी कि करीब पांच फीसदी बकाया कर्ज का पुनर्गठन करना होगा। उन्होंने कहा कि इसमें से आधा अनचुकता रह जाएगा और फंसे हुए कर्ज में इजाफा होगा। ऐसा कुछ नहीं हुआ। औसतन कुल कर्ज का केवल 1.5 फीसदी पुनर्गठित हुआ। महज 0.2 फीसदी कॉर्पोरेट ऋण का पुनर्गठन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ कि पुनर्गठन के लिए सख्त मानक और निगरानी व्यवस्था तय की गई थी। इनके जरिये फर्जी मामलों को छांटा जाना था। जैसा कि हमने पहले भी कहा फंसे हुए कर्ज का स्तर बढ़ने के बजाय कम हुआ।

मई 2020 में सरकार ने रिजर्व बैंक के साथ चर्चा करके इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) प्रस्तुत की। आर्थिक मुश्किलों से जूझ रहे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों को पूरी गारंटी वाली इमरजेंसी क्रेडिट लाइन की मदद से तीन लाख करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त फंडिंग प्रदान की गई। कुछ लोगों ने इस योजना को भी एक और लोन मेले की तरह देखा जो बैंक में फंसा हुआ कर्ज बढ़ाने वाली थी। इस योजना के तहत दिए गए कुल कर्ज में 5 फीसदी फंसा कर्ज है। एमएसएमई में मार्च 2023 तक यह औसतन 6.8 फीसदी था। कई अर्थशास्त्री नियामकीय सहनशीलता को सही नहीं मानते। उन्हें लगता है कि इसके अंतर्गत समस्या को भविष्य के लिए टाल दिया जाता है। रिजर्व बैंक ने उन्हें गलत साबित किया। उसने यह दिखाया कि अगर नियामकीय सहनशीलता को सही ढंग से बनाया और क्रियान्वित किया जाए तो इससे सकारात्मक नतीजे हासिल हो सकते हैं।

बैंकिंग में बदलाव से अपेक्षित परिणाम निकले। सरकारी बैंकों के निजीकरण की बात जो बैंकिंग संकट के दौरान जोर पकड़ गई थी वह कमजोर पड़ गई। इन बैंकों की वित्तीय स्थिति में सुधार ही इसकी इकलौती वजह नहीं है। कोई सरकार नहीं चाहती कि उसे सरकारी बैंकों का इस प्रकार निजीकरण करना पड़े जिससे बैंकिंग की स्थिरता के लिए तैयार निजी और विदेशी स्वामित्व ढांचे के साथ समझौता करना पड़े।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के पद संभालने के पहले लगातार दो गवर्नरों की विवादास्पद विदाई हुई थी। उस समय भारतीय और विदेशी मीडिया में देश के केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता में कमी आने को लेकर कई तरह की बातें हो रही थीं। दास ने दिखाया कि रिजर्व बैंक जरूरी स्वायत्तता का इस्तेमाल कर सकता है और दुनिया भर में उच्च विश्वसनीयता हासिल कर सकता है। वह ऐसा बिना राजनीतिक प्राधिकार से भिड़े कर सकता है।

यहां एक अहम सबक है। स्वायत्तता कोई ऐसी चीज नहीं है जो केंद्रीय बैंक को आसानी से हासिल हो सके। जब केंद्रीय बैंक अच्छा प्रदर्शन करता है, सरकार सहित सभी अंशधारकों के हितों को ध्यान में रखता है तो राजनीतिक प्राधिकार उसे अपने तरीके से काम करने देता है और इस पर प्रसन्न होता है।

# क्यों बरकरार है रोजगार निर्माण की समस्या?

**मार्च** के अंतिम सप्ताह में मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि सरकार सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं को हल नहीं कर सकती है। उन्होंने इसके लिए बेरोजगारी का उदाहरण दिया। उन्होंने चकित करते हुए कहा कि सरकार बेरोजगारी के मोर्चे पर और लोगों को काम पर रखने के अलावा कर ही क्या सकती है? उन्होंने कहा, 'सामान्य तौर पर रोजगार देने का काम वाणिज्यिक क्षेत्र करता है।' दिसंबर तिमाही में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8 फीसदी बढ़ा जबकि स्नातकों में बेरोजगारी की दर 40 फीसदी से अधिक है। रोजगारविहीन वृद्धि कोई नया विचार नहीं है। बीते 25 वर्षों में हर सरकार इससे जूझती रही है और इसमें दो कांग्रेसनीत गठबंधन सरकारें शामिल रही हैं। मुझे याद है कि पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार शंकर आचार्य ने इसी समाचार पत्र में अपने स्तंभ में कहा था कि सन 2000 के दशक के मध्य में भी मजबूत वृद्धि के बावजूद रोजगार में इजाफा नहीं हुआ था। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में मंत्रियों और अफसरशाहों की टीम थी। सरकार और उसके बाहर के बेहतरीन मस्तिष्क वाले लोगों ने कई योजनाएं तैयार कीं जिनमें रोजगार गारंटी योजना भी शामिल है। परंतु इसका कोई खास लाभ नहीं हुआ। बेरोजगारी ऊंचे स्तर पर बनी रही। मोदी सरकार ने भी कई नीतियां पेश कीं लेकिन बेरोजगारी बनी रही। 2013-14 में जब नरेंद्र मोदी सत्ता पाने के लिए प्रचार अभियान चला रहे थे तो वह अक्सर अपनी चुनावी रैलियों में युवाओं से कहते थे, 'आपको नौकरी चाहिए कि नहीं चाहिए?' नवंबर 2013 में अपने आरंभिक चुनावी भाषणों में से एक में उन्होंने कहा था कि अगर वह सत्ता में आए तो हर साल एक करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। जनवरी 2018 में जब ज़ी टीवी ने उनसे इस वादे के बारे में पूछा तो मोदी ने कहा कि सड़क पर पकोड़े बेचने वालों को भी रोजगारशुदा लोगों में गिना जाना चाहिए और इस प्रकार देश में बेरोजगारों की संख्या काफी कम है। उनकी इस बात काफी मजाक उड़ाया गया जबकि उनके समर्थकों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उद्यमिता को लेकर सही टिप्पणी की है।

सरकार के लिए रोजगार तैयार करना इतना मुश्किल क्यों है? इसकी एक वजह तो वही है जो नागेश्वरन ने कही, 'कारोबारी क्षेत्र को लोगों को काम पर रखना चाहिए।' लेकिन तब क्या उन्हें खुद से या वाणिज्यिक क्षेत्र से यह नहीं पूछना चाहिए कि वह अधिक रोजगार क्यों नहीं तैयार कर रहा? कारोबारी केवल किसी को काम देने के लिए काम नहीं देते। वे जरूरत पड़ने पर लोगों को काम पर रखते हैं। दुर्भाग्य की बात है कि नेता, बाबू और रोजगार तलाशने वाले मशीनों के बजाय लोगों को काम पर रखने के ही हामी हैं। विनिर्माण और भवन निर्माण के कई काम अब मशीन से होते हैं और कारोबार के लिए यही उपयुक्त है। मनुष्यों को कौशल और बेहतर प्रबंधन की जरूरत होती है तथा किसी के काम छोड़ने पर नए लोगों की जरूरत होती है। यह चुनौतीपूर्ण है लेकिन श्रम आधारित क्षेत्रों मसलन कपड़ा और सेवा क्षेत्र के लिए जरूरी भी है। निश्चित तौर पर यात्रा, परिवहन, स्वागत, स्वास्थ्य सेवा, सॉफ्टवेयर विकास, रखरखाव और मरम्मत, डिजाइन, फाइनैंस और मार्केटिंग के क्षेत्र में कुशल कर्मचारियों की कमी है। इन क्षेत्रों में कुशल लोगों के लिए रोजगार की कमी नहीं। ऐसे में क्या सरकारी नीतियां कारोबारियों को अधिक लोगों को काम पर रखने के लिए प्रेरित नहीं कर सकतीं? यकीनन कर सकती हैं। यह बात हमें रोजगार रहित वृद्धि की दूसरी वजह की ओर ले आती है: 2014 के चुनाव के पहले मोदी ने रोजगार का वादा किया था लेकिन छह साल तक उन्होंने इस दिशा में कुछ नहीं किया। 2014 और 2020 के बीच उनकी पहलें सामाजिक क्षेत्र में रहीं।



**अतार्किक विकल्प**

देवाशिष बसु

मसलनः स्वच्छ भारत, जन धन, डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन, सॉइल हेल्थ कार्ड आदि।

इस अवधि की आर्थिक नीतियां मसलन मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा ऋण और स्टार्टअप इंडिया में नारेबाजी अधिक थी और रोजगार निर्माण पर इसका कोई खास असर नहीं हुआ। नोटबंदी एक तुगलकी योजना थी जिसने छोटे कारोबारों और रोजगारों को नष्ट कर दिया। आश्चर्य नहीं कि भारत की जीडीपी वृद्धि कोविड-19 के पहले गिरकर 5 फीसदी तक आ चुकी थी। ऐसा तब था जबकि जीडीपी के आकलन का तरीका बदलकर आंकड़ों में 1.5 से दो फीसदी तक का इजाफा कर दिया गया था। अर्थव्यवस्था पर इसका बुरा असर पड़ा। हड़बड़ाहट में आकर सरकार ने 20 सितंबर, 2019 में कॉर्पोरेट कर की दरों में नाटकीय कटौती की ताकि कारोबारी अधिक निवेश करें और रोजगार दें। यह कोशिश नाकाम रही क्योंकि कारोबारियों ने रुचि नहीं दिखाई।

बहरहाल, कोविड के बाद के दौर में जीडीपी वृद्धि में इजाफा हुआ और राजस्व में बढ़ोतरी हुई। सरकार के पास नई महत्त्वाकांक्षी नीतियां तैयार करने का अवसर था। इस बार उसने विकास योजनाओं पर जोर दिया और कई दिशाओं में एक साथ पहल कीं। इससे पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया था। सरकार ने कोविड-19 के दौरान उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की। उसके बाद रक्षा उत्पादन और निर्यात नीति तथा रेलवे के आधुनिकीकरण की शुरुआत की गई। 2023-24 के बजट में सरकार ने अधोसंरचना के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की असाधारण राशि आवंटित की।

रेलवे, रक्षा उत्पादन, सड़क-परिवहन, शहरी अधोसंरचना, पानी, बिजली आदि क्षेत्रों में क्रियान्वयन नजर आ रहा है। भारतीय वन अधिनियम में नुकसानदेह बदलाव तक किए गए ताकि कथित विकास के मार्ग की बाधा दूर की जा सके। यकीनन इससे रोजगार बढ़ेगा। अगर सरकार चाहती है कि कारोबारी क्षेत्र रोजगार दे तो उसे कारोबारी सुगमता की लागत कम करनी होगी और चीन से सस्ते माल की आवक रोकनी होगी। सात साल पहले रोजगार निर्माण के मसले पर लिखते हुए मैंने कहा था कि सरकारों ने कारोबारियों का जीवन मुश्किल किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय में ऐसी टीम हो सकती है जिसका इकलौता काम कारोबारियों के मन की बात सुनना हो कि आखिर क्यों उनकी लागत अधिक है और कारोबारी सुगमता मुश्किल। बार-बार सामने आने वाली समस्याओं को समाप्त किया जाना चाहिए। इसके लिए राज्यों के साथ तालमेल में काम करना होगा। उक्त टीम कुछ श्रम आधारित परियोजनाओं की निगरानी करके गतिरोध का पता लगा सकती है और बदलाव सुझा सकती है। शायद हमें मोदी के बतौर प्रधानमंत्री तीसरे कार्यकाल में ऐसा देखने को मिले।

आखिरकार वह सामाजिक योजनाओं से विकास परियोजनाओं की फंडिंग तक का सफर तय कर चुके हैं। केंद्र से लेकर तालुका स्तर पर भ्रष्ट और विनाशकारी नीतियों से रोजगार निर्माताओं को आजाद करना तीसरा और अंतिम कदम है जिसकी आवश्यकता है।


*(लेखक मनीलाइफडॉटइन के संपादक और मनीलाइफ फाउंडेशन में ट्रस्टी हैं)*

## आपका पक्ष

**पर्यावरण के लिए समुद्र के तल में जमा प्लास्टिक खतरा**

मानव की लापरवाही के कारण समुद्र भी आज काफी तेजी से प्रदूषित होता जा रहा है। एक अध्ययन से पता चला है कि समुद्र तल में एक करोड़ 10 लाख टन प्लास्टिक जमा हो गया है जो आज न केवल पर्यावरण बल्कि जैव विविधता के लिए भी गंभीर संकट बन चुका है। एक अध्ययन के अनुसार हर मिनट कचरे से भरे एक ट्रक के बराबर प्लास्टिक लगातार समुद्र में समा रहा है। शोधकर्ताओं का यह भी अनुमान है कि 192 देशों से निकला करीब 80 लाख टन प्लास्टिक कचरा प्रतिवर्ष महासागर में समा रहा है। समुद्र में पहुंचने वाला करीब 80 फीसदी कचरा जमीन पर ठोस कचरे के कुप्रबंधन से जुड़ा है। शेष 20 फीसदी कचरे के लिए समुद्र तट के किनारे बसी हुई बस्तियां जिम्मेदार हैं। एक शोध बताता है कि हर साल पैदा होने वाला प्लास्टिक कचरा वर्ष 2060 तक करीब तीन गुना बढ़ जाएगा। एक अनुमान के अनुसार यह अगले 37 वर्षों में बढ़कर 101.4 करोड़ टन से ज्यादा हो जाएगा। दुनिया भर में समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण के सबसे बड़े उत्सर्जक 10 देश हैं। इनमें सबसे अधिक से लेकर कम तक क्रमशः चीन, इंडोनेशिया, फिलिपींस, वियतनाम, श्रीलंका, थाईलैंड, मिश्र, मलेशिया, बांग्लादेश और नाइजीरिया आते हैं।

*एमएम राजावतराज, शाजापुर*



एक अध्ययन के अनुसार समुद्र तल में एक करोड़ 10 लाख टन प्लास्टिक जमा हो गया है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है

**ईरान-इजरायल संघर्ष से सबका नुकसान**

ईरान के दूतावास पर मिसाइल हमले से उसके सैन्य अधिकारियों के मारे जाने के बाद ईरान ने खुले रूप से इजरायल को सबक सिखाने की घोषणा की है। रूस-यूक्रेन और हमास-इजरायल युद्ध के बाद ईरान और इजरायल के खुलकर युद्ध के मैदान में कूद जाने से अंतरराष्ट्रीय हालत जटिल हो गए हैं और तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बढ़ती जा रही है तथा युद्धरत देशों की जनता के अलावा इसका प्रभाव विश्व की जनता भुगत रही है। पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ते जा रहे हैं। समुद्री यातायात अवरुद्ध हो रहे हैं। ऐसे में अमेरिका, रूस, भारत और चीन को मिलकर इसके लिए कारगर प्रयास करने चाहिए कि इन देशों में तनाव नहीं बढ़े। भारत देश के लिए युद्ध के नए मोर्चे खुलाने से कई नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं और महंगाई के साथ-साथ भारत की अंतरराष्ट्रीय कूटनीति भी धर्मसंकट में पड़ गई है क्योंकि जिन राष्ट्रों से भारत के अच्छे संबंध हैं वे ही अगर आपस में युद्ध करेंगे तो निश्चित रूप से भारत का तटस्थ रहना मुश्किल हो जाएगा।

*सुभाष बुडावन वाला, रतलाम*

**सोने पर लगाएं दांव**

निवेश में जोखिम तो सदैव बना रहता है। बाजार का उतार-चढ़ाव निवेशकों को कभी नफा तो कभी नुकसान देता ही है। इस समय सोने के भाव रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं तो वैश्विक राजनीतिक उथल-पुथल के चलते शेयर बाजार में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल ही रहे हैं। ऐसे में दोनों में फायदे का सौदा ढूंढना मुश्किल काम है। फिर भी लोगों को अगर आज निवेश करना ही है तो सोने पर दांव लगाना चाहिए क्योंकि शेयर बाजार की तरह इसके भाव एकदम औंधे मुह नहीं गिरते।

*अमृतलाल मारू रवि, इंदौर*

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिज़नेस स्टैंडर्ड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in
पत्र/ईमेल में अपना डाक पता और टेलीफोन नंबर अवश्य लिखें।

## देश-दुनिया

फोटो - पीटीआई



